www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 69 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

'मातृशक्ति' के सहारे चुनावी सफर, वोट की पतवार से तय होगी सत्ता की डगर

संदीप दीवान

महिलाओं पर सियासत

■ तमिलनाडु में समर पैकेज, असम में बिहू बोनस, केरल में स्त्री सुखम, बंगाल में लक्ष्मी स्कीम पर दांव

■ चुनावी घोषणाओं में महिलाओं को कैश ट्रांसफर देने वाले राज्यों की संख्या तेजी से बढ़ी

नवप्रदेश विशेष

एआई इमेज

रायपुर/नवप्रदेश। देश के पांच राज्यों में चुनावी महासमर छिड़ा हुआ है। तीन राज्यों-असम, केरल और पुडुचेरी-में मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, अब नतीजों का इंतजार है। वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सत्ताधारी व विपक्षी पार्टियां जनता, खासकर महिलाओं को लुभाने में लगी हुई हैं। इस बीच संसद में महिला आरक्षण बिल लाया गया, जो ध्वस्त हो गया। राजनीतिक पार्टियों ने यह समझ लिया है कि चुनावी नैय्या बीच मझधार में फंस न जाए। ऐसे में इसे पार लगाने मातृ शक्ति के वोट की पतवार बेहद जरूरी है। इन पांच राज्यों के चुनाव में सभी प्रमुख राजनीतिक दल 'मातृ शक्ति' पर खासा भरोसा जता रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन पांच में से चार राज्यों ने महिलाओं को सीधे कैश ट्रांसफर के जरिए लुभाने का बड़ा दांव खेला है। इन चार राज्यों की सरकारें महिलाओं के बैंक खातों में लगभग 25,500 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर चुकी हैं। चुनावी वादों में भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़-राजस्थान में महिलाओं ने पलट दी सत्ता

2023 के विधानसभा चुनावों में इस ट्रेंड का सबसे साफ उदाहरण छत्तीसगढ़ और राजस्थान में देखने को मिला। दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन भाजपा ने 'महतारी वंदन' (छत्तीसगढ़) और राजस्थान में 'लाडो प्रोत्साहन' व 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं को अपने पक्ष में किया। नतीजा-दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारें गिर गईं और भाजपा की सत्ता कायम हुई। आने वाले चुनावों में भी 'महिला वोट' और नकद योजनाएं निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं।

इन राज्यों में गेमचेंजर बनीं नकद ट्रांसफर योजना

■ **छत्तीसगढ़ (2023):** 'महतारी वंदन' योजना, 1000 रुपए/माह, भाजपा को जीत दिलाई

■ **मध्य प्रदेश (2023):** 'लाडली बहना' योजना, 1500 रुपए/माह, कई सीटों पर बढ़त।

■ **राजस्थान :** लाडो प्रोत्साहन योजना, सहरिया-कथौड़ी परिवारों की महिला मुखियाओं के बैंक खातों में 1200 रुपये प्रति माह, भाजपा को जीत दिलाई

■ **कर्नाटक (2023):** 'गृह लक्ष्मी' योजना (2000 रु./माह) ने कांग्रेस को जीत दिलाई।

■ **ओडिशा (2024):** 'सुभद्रा' योजना से भाजपा को पहली बार सत्ता मिली, पात्र महिला को 10 हजार सालाना

■ **महाराष्ट्र (2024):** 'लाडकी बहिन' योजना (1500 रुपए/माह), भाजपा गठबंधन की सरकार

■ **झारखंड (2024):** 'मैया सम्मान' योजना का चुनावी असर। 2500 रुपये सहयोग, हेमंत सोरेन की वापसी हुई।

■ **पंजाब (2026):** 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' की शुरुआत। महिलाओं को प्रति माह 1,000 (सामान्य) और 1,500 (अजा) की नकद सहायता देगी।

आज बेबाक

लो भाई, सीजफायर स्पेशलिस्ट डान ट्रंप ने इजराइल और लेबनान के बीच दस दिनों का सीजफायर कराने का क्रेडिट भी ले लिया। उन्होंने यह दावा भी ठोक दिया कि वे दस बार सीजफायर कराने का रिकार्ड बना चुके हैं?। उनके कहने का मतलब है कि अब तो उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार दे दो नामुरादों। यह बात अलग है कि दस दिवसीय सीजफायर दस मिनट नहीं टिक पाया। इजराइल ने सीजफायर के एलान के बाद दक्षिण लेबनान में बमबारी कर डपोरशंख ट्रंप के दावे की हवा निकाल दी। नेतन्याहू ने यह कहकर ट्रंप का मुंह चिढ़ा दिया कि - चल झूठा ...।

बालाकोट, नोटबंदी, सिंदूर का जादूगर पकड़ा गया: राहुल, एनडीए बोला- यह पीएम का अपमान, स्पीकर ने विवादित हिस्सा रिकॉर्ड से हटाया

संसद में दो तिहाई की दरकार बिल पास नहीं करा पाई सरकार

■ महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 54 वोट से गिरा, 352 का समर्थन चाहिए था, मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम

दिल्ली (ए.)। महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान (131वां) संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। 21 घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग हुई। लोकसभा में मौजूद 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल 54 वोट से गिर गया।

महिला आरक्षण ध्वस्त होने के बाद सरकार ने दो बिल वोटिंग के लिए पेश ही नहीं किए। पहला- परिसीमन संशोधन सविधान बिल 2026 और दूसरा- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026... सरकार ने इन पर वोटिंग से इनकार किया। कहा कि ये बिल एक-दूसरे से लिंक है इसलिए वोटिंग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विपक्ष बिना सोचे-समझे बस विरोध कर रहे : शाह

शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो कर रहे है, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। मैं अभी बताया कि 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा। मोदी जी ने उन्हें एड क्रेडिट देने का कह दिया फिर भी ये नहीं मान रहे हैं।

पक्ष 298 | विपक्ष 230 | कुल 528

कांग्रेस और इंडी गठबंधन का असली चेहरा उजागर

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं, यह देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है। यह उस विश्वास और आशा पर आघात है, जो देश की करोड़ों बहनों ने अपने भविष्य को लेकर संजोई है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन का यह रुख उनकी संकीर्ण सोच और दोहरे मापदंड को स्पष्ट करता है। देश की माताएं-बहनें सब देख रही हैं।

राहुल गांधी के भाषण पर हंगामा राजनाथ बोले-यह देश का अपमान

राहुल के जादूगर शब्द पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने आपत्ति जताई है। कहा- 'विपक्ष के नेता अनाप शनाप बातें कर रहे हैं। पीएम के लिए ऐसा बोलेंगे। ये चुने हुए लीडर हैं।' राजनाथ बोले- 'इस देश के पीएम के संबंध में जिस तरह के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी घोर निंदा की जानी चाहिए। इस देश की जनता ने उन्हें पीएम बनाया है। राहुल ने जिन शब्दों का प्रयोग किया इसे सदन की कार्यवाही से बाहर निकाला जाए और राहुल माफी मांगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल के शब्दों को कार्यवाही से हटाया

रिजिजू बोले- राहुल के भाषण से हमें आपत्ति नहीं है। वह कहते हैं कि आपॅरेशन सिंदूर एक जादू था, उसका मजाक बना रहे हैं। उसको जादू कहते हैं। रक्षामंत्री ने कहा है हम भी कह रहे हैं भाषण नियम के तहत दीजिए। बार-बार पीएम का मजाक उड़ाना गलत। पीएम आपका और मेरा नहीं है। स्पीकर ने आपत्तिजनक शब्दों को हटाया। राहुल ने फिर बोलना शुरू किया। राहुल बोले- दरअसल भाजपा के अंदर कंपकंपाहट चल रहा है। स्पीकर ने राहुल से बैठने को कहा। इसके बाद फिर हंगामा शुरू हो गया।

आप डरते हैं कि पावर कम हो जाएगी चुनावी नक्शा बदलना चाहते हो: राहुल

राहुल ने कहा- 'हम ओबीसी वर्गों के भाई बहनों से अधिकार छीनना चाहती है। ये संविधान के ऊपर मनुवाद हावी करना चाहते हैं। शाह कहते हैं जातीय जनगणना शुरू हो गई है फिर कहते है मकानों की जाति नहीं होती। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।' दूसरी बात- 'आप डरते हो कि देश की राजनीति में क्या हो रहा है। आपकी पॉवर कम होती जा रही है। इसलिए चुनावी नक्शा बदलना चाह रहे हो जैसा कि असम में किया, लेकिन हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे। पूरा विपक्ष इसे हरा कर रहेगा। हम ओबीसी का हक छीनने नहीं देंगे। आप उन्हें हिंदू बताते हो लेकिन उन्हें देश में उनका हक नहीं दिलाते।

भारत के तेल आयात पर 'अमेरिकी' ब्रेक, रूस और ईरान से मिलने वाली छूट खत्म

दिल्ली (ए.)। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच अमेरिका ने एक बड़ा कूटनीतिक फैसला लेते हुए रूस और ईरानी तेल पर दी गई विशेष छूट को समाप्त कर दिया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के इस ऐलान ने भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों की चिंता बढ़ा दी है।

अब तक भारत रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीदकर अपनी अर्थव्यवस्था को सहारा दे रहा था, लेकिन अब वाशिंगटन के इस कदम के बाद भारत को अपनी तेल आयात रणनीति में आमूलचूल बदलाव करना पड़ेगा।

छूट खत्म होने का गणित और भारत पर होने वाला असर: अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट के मुताबिक, रूस और ईरानी तेल पर लागू सामान्य लाइसेंस, जो प्रतिबंधों में ढील प्रदान करते थे, उन्हें अब रिन्यू नहीं किया जाएगा।

रूसी तेल: 12 मार्च 2026 से पहले लोड किए गए रूसी कार्गो के लिए दिया गया 30 दिन का लाइसेंस अब समाप्त हो चुका है। मार्च में भारत का रूसी तेल आयात 1.96 मिलियन बैरल प्रति दिन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया था, जो अब प्रभावित होगा।

ईरानी तेल: ईरान को दी गई अलग से छूट भी 19 अप्रैल 2026 को समाप्त हो जाएगी। इन छूटों के खत्म होने का सीधा मतलब है कि भारतीय तेल कंपनियों को अब अंतरराष्ट्रीय बाजार की ऊंची कीमतों पर तेल खरीदना पड़ सकता है, जिससे देश की आयात लागत बढ़ेगी।

भारत के पास क्या विकल्प? : भारत सरकार ने हमेशा से तेल आपूर्ति के 'विविधीकरण' पर जोर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार, भारत अब खाड़ी देशों के अलावा अन्य क्षेत्रों पर फोकस कर रहा है।

बीईओ 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में एसीबी ने बीईओ को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में उनके सहयोगी को भी हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने शिक्षक के रुके हुए वेतन को जारी करने के एवज में घूस की डिमांड की थी। मामला बरमकेला थाना क्षेत्र का है। डीएसपी एसीबी अजितेश सिंह ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला झीकीपाली के शिक्षक निरंजन बरिहा ने शिकायत दर्ज कराई थी। मार्च में तबीयत खराब होने के कारण वे अपने साथी शिक्षक मुकेश सोना के साथ रायगढ़ मेडिकल कॉलेज गए थे।

वेदांता प्लांट हादसा तकनीकी चूक नहीं, सिस्टम फेल होने की कहानी

कोरबा/नवप्रदेश। वेदांता पावर प्लांट में बायलर के हाई प्रेशर ट्यूब फटने की घटना ने औद्योगिक ढांचे की उन परतों को उजागर कर दिया है, जो लंबे समय से अनदेखी और लापरवाही की धूल में दबती जा रही थीं। शुरुआती संकेत साफ बताते हैं कि यह महज एक तकनीकी खामी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था के चरमराने का परिणाम है। 600 मेगावाट क्षमता वाली इकाई के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी एनटीपीसी जीई पावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एनजीएसएल) को सौंपी गई थी। करीब 400 करोड़ रुपये के पांच वर्षीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश लगातार

वेदांता हादसे में एक और मौत, अब तक 21 की गई जान

रायगढ़/सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में हुए वेदांता प्लांट हादसे में घायल 1 और मजदूर ने दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश के रहने वाले इस्मत अली रायपुर के निजी अस्पताल में एडमिट थे, जिनकी मौत हुई है। अब मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। हादसे में कुल 36 लोग झुलसे है, 15 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। घटना के बाद वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, प्रबंधन समेत 10 लोगों के खिलाफ उभरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। घटना के 24 घंटे बाद औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच की थी। जिसमें प्लांट प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। शुरुआती जांच के मुताबिक, प्रोडक्शन दोगुना करने की जल्दबाजी में बॉयलर फटा। चेतावनी के बाद भी काम नहीं रोका गया। इसके अलावा मशीनों के रखरखाव और संचालन में लापरवाही बरती गई। इसी आधार पर केस दर्ज किया गया है।

एफएसएल की जांच रिपोर्ट आना बाकी

अलग-अलग तरह की जांच जारी है। 20 श्रमिकों की मौत हुई है तथा लगभग 16 मजदूरों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मृतकों की पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। इसके अलावा औद्योगिक सुरक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट, एफएसएल की जांच रिपोर्ट आना बाकी है। वहीं घटना की विस्तृत जांच के लिए तकनीकी टीम का गठन किया गया है।

- प्रफुल्ल ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, सक्ती

जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर होगी कड़ी कार्रवाई: साय

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट हादसे में दर्ज केस पर सीएम साय ने कहा है कि जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को जशपुर रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम साय ने कहा- जब घटना घटी तभी मैंने कहा था, मामले की जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बता दें कि सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इस भीषण हादसे में तीन दर्जन से अधिक श्रमिक बुरी तरह से झुलस गए, जिनमें से 20

राहुल गांधी पर लखनऊ हाई कोर्ट बेंच ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

■ दोहरी नागरिकता मामले में बढ़ी मुश्किलें

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज करने की आदेश जारी किया गया है। दोहरी नागरिकता मामले में यह एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया गया है।

इस आदेश ने कांग्रेस सांसद की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हाई कोर्ट लखनऊ बेंच का आदेश जारी होने के बाद एक बार फिर यह मामला गरमा गया है। कोर्ट में दायर अर्जी में ब्रिटिश नागरिक होने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, राहुल गांधी के रायबरेली से सांसदी को चुनौती देने वाली याचिका में राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता रखने का दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रिश्वत और बीयर मांगने वाला पटवारी सस्पेंड, तहसीलदार-आरआई को नोटिस

■ गरियाबंद जिले के छुरा राजस्व विभाग में कलेक्टर की सख्ती, एसडीएम जिला मुख्यालय अटैच

नवप्रदेश खबर का असर

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में राजस्व विभाग से जुड़ा एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर ने पूरे मामले में एसडीएम को जिला कार्यालय अटैच कर दिया है। तहसीलदार-आरआई को नोटिस और पटवारी को सस्पेंड किया गया है।

दरअसल, छुरा क्षेत्र में पदस्थ एक पटवारी पर नकल और नक्शा जैसे सामान्य कार्यों के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। खास बात यह है कि उसने पैसे के साथ बीयर की बोतल की भी मांग की, जिसकी बातचीत मोबाइल पर रिकॉर्ड होकर वायरल हो गई। शिकायतकर्ता ने इस बातचीत का ऑडियो-वीडियो सबूत सार्वजनिक कर दिया, जिससे मामला तूल पकड़ गया। वायरल क्लिप में पटवारी यह भी स्वीकार करता सुनाई दे रहा है कि वसूली गई रकम का हिस्सा उच्च अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सौगात: ग्रामीण विकास को नई रफ्तार, 2426 किमी सड़क निर्माण का सीएम साय ने किया शिलान्यास

774 सड़कों का भूमिपूजन, सुहाने सफर का मजा लेंगे ग्रामीण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर स्थित रणजीता स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-04) के अंतर्गत स्वीकृत 774 सड़कों का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। इन सड़कों की कुल लंबाई 2426.875 किलोमीटर है, जिनके निर्माण पर 2225.44 करोड़ की लागत आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिला मुख्यालय स्थित वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल के जीर्णोद्धार के लिए 80 लाख की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

1300 से अधिक सड़कों का निर्माण पूरा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज जिन 774 सड़कों का शिलान्यास किया गया है, उनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में 1300 से अधिक सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में भी सड़क निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

781 बसाहटों को बारहमासी पक्की सड़क सुविधा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सड़कों का भूमिपूजन ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से लगभग 781 बसाहटों को बारहमासी पक्की सड़क सुविधा प्राप्त होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की गई थी, जो उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है और आज यह योजना ग्रामीण भारत की जीवनरेखा बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में सड़क नेटवर्क के विस्तार में अभूतपूर्व तेजी आई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम जनमन योजना के माध्यम से राज्य के अधिकांश गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ा जा चुका है। भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तथा रायपुर से जशपुर होते हुए धनबाद तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है।

न्यूज गैलरी

संपत्ति कर की बढ़ी दरों पर पुनर्विचार होगा: मधुसूदन यादव

राजनंदगांव / नव प्रदेश। आज भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुमित भाटिया, चंद्रभान जघेल,दक्षिण मंडल से जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी प्रवीण शुक्ला,सुरेश साहू,पार्षद दल के रानू जैन एवं पारस वर्मा ने शहर में बड़े हुए संपत्तिकर की विसंगतियों के बारे में विस्तार से महापौर को अवगत कराया और बताया कि आम लोग इस बढ़े हुए दर से बहुत परेशान हैं। इस पर महापौर मधुसूदन यादव ने तत्काल ही इस पर सहमति व्यक्त करते हुए बड़े हुए संपत्ति कर पुर्नविचार करने का आश्वासन दिया। महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि विगत कई वर्षों से संपत्ति कर की दरें नहीं बढ़ाई गई थी इसलिए जो निर्णय लिया गया है वह जनता के हित में व्यावहारिक नहीं है क्योंकि कई क्षेत्रों में एक तरफा वृद्धि की गई है,जो तर्कसंगत नहीं है,इसलिए जनता के हित में संपति कर का पुनः निर्धारण किया जाएगा। महापौर के सकरात्मक आश्वासन पर उत्तर, दक्षिण एवं पार्षद दल के नेताओं ने महापौर का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गुलदस्ता भैट किया।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार / नव प्रदेश।जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुर्रा), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड़, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रू. तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। आवेदन के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63, 71 में संपर्क कर सकते है । योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जितेन्द्र धिरही, प्रबंधक मोबाईल नंबर-90988-98088, प्रमोद कुमार टण्डन, प्रबंधक मोबाईल नंबर-98935-72140 एवं नारायण सिंह ठाकुर, प्रबंधक मोबाईल नंबर-98271-92183 पर भी संपर्क कर सकते है।

प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से मकान में लगे आग पर पाया काबू

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा के एक मकान में गुरुवार को करीब 12 बजे आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर प्रशासन क़ी टीम द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया लेकिन इस आगजनी में मकान जल गया। मकान क्षति का आकलन कर 6 घण्टे के भीतर ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि 1 लाख 20 हजार का चेक एसडीएम अतुल शेट्टे ने दामाखेड़ा जाकर सौंपा। एसडीएम ने बताया कि दामाखेड़ा निवासी हीरालाल वर्मा पिता शत्रुघन वर्मा के मकान में आग लगने क़ी सूचना पर नगर पालिका सिमगा एवं अपोलो कंपनी से फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया। आगजनी से मकान एवं घरेलू सामान कपड़े बर्तन जल गए। तत्काल कार्यवाही करते हुए आरबीसी 6-4 के अंतर्गत आर्थिक सहायता का प्रकरण बनाकर एवं पटवारी से प्रतिवेदन लेकर 1.20 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत करते हुए ग्राम दामाखेड़ा जाकर चेक के माध्यम से प्रदाय की गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के अस्थाई रुकने की व्यवस्था अटल समरसता भवन में की गई है।

डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 28 अप्रैल तक

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश।/ जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्री प्राथमिक क़ी प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन 28 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी, छरछेद एवं टिकुलिया में 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा के लिये आरक्षित है जिसमें प्रत्येक स्कूल में 7 सीट अनुसूचित जति एवं जनजाति वर्ग के बीपीएल श्रेणी के लिए आरक्षित है। इन स्कूलों में प्री प्राथमिक क़ी प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन सम्बधित स्कूल अथवा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यलय में जमा किया जा सकता है।

नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

खैरागढ़ / नवप्रदेश।। जिले के छुईखदान मंगल भवन में नारी शक्ति सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक भागीदारी एवं नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की प्रभारी ज्योति जंघेल, उमा चौबे एवं गिरजा एवं मुख्य अतिथि लवली शर्मा उपस्थित रहीं। संबोधन में कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता को महिला सशक्तिकरण की आधारशिला बताया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. साधना अग्रवाल, त्रिवेणी पटेल, माधुरी जंघेल, शीतल जैन, पुष्पा जंघेल, राजश्री त्रिपाठी एवं वंदना दांडेकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन में महिलाओं के अधिकारों और संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई हस्ताक्षर दीवार पर महिलाओं ने हस्ताक्षर कर महिला सशक्तिकरण के संकल्प को मजबूत किया।

डॉ. अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया जिसमें सभी को समान अधिकार मिला

■ **शिक्षा व संविधान पालन पर दिया गया जोर**

नगरी / नवप्रदेश। भारत के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 15 अप्रैल 2026, बुधवार को नगरी के बजरंग चौक में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शंभु कुमार सिंह (नेशनल दस्तक, नई दिल्ली) उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व विधायक सिहावा लक्ष्मी ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम (संरक्षक, गोंड समाज नगरी), राजेश आनंद तलेवार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों में मनोज साझी, मिताप साहू (सरपंच संघ अध्यक्ष), उमेश देव, रेन लाल देव,दशरथ नेताम,अनित धुव, नारायण कुंजाम, बुधराम नेताम,अजय धुव ,रूमलाल नेताम, चन्द कुमार नेताम ,कन्हैया लाल ,अब्दुल वहीद खान, कवल सिंह साहू, दिनदयाल, दयाराम मरकाम, कैलाश प्रजापति, विष्णु टंडन, वामदेव कोशल,बंसीलाल,अय्यूब भाई एवं फारुख खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शंभु कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब तक गांव-गांव में शिक्षा, रोजगार और जागरूकता नहीं पहुंचेगी, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। यदि वे नहीं होते तो समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संविधान का पालन करें और शिक्षा को अपने जीवन का आधार बनाएं, तभी देश का समग्र विकास संभव है।पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का संदेश दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

खैरागढ़ / नवप्रदेश।। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यो, योजनाओ की समीक्षा बैठक जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति मे विज्ञानभवन मे आयोजित हुआ । बैठक मे जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित सभी प्राचार्य मौजूद रहे । बैठक मे विभाग के कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की गई ।

रायपुर पुलिस का मुंबई में एक्शन, मामले में अब तक कुल 27 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

सट्टा सिंडिकेट का मास्टरमाइंड इन्फ्लुएंसर बाबू गिरफ्तार

रायपुर / नवप्रदेश। रायपुर कमिश्नरेट पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बाबू खेमानी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक खेमानी पिछले करीब ढाई वर्षों से देशभर में फैले ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट का संचालन कर रहा था और आईपीएल मैचों के दौरान करोड़ों रुपये का अवैध लेन-देन इसी नेटवर्क के जरिए किया जा रहा था। पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला की मॉनिटरिंग में की गई इस कार्रवाई में मुंबई और गोवा में एक साथ दबिश दी गई, जहां से कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस दौरान एक बड़े ऑनलाइन सट्टा पैनल नेटवर्क को भी ध्वस्त करने का दावा किया है। मामले में अब तक कुल 27 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि चार राज्यों में फैले नेटवर्क पर कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि बाबू खेमानी अपने भाई करण खेमानी के साथ मिलकर xStumps, रेड्डी ग्रुप, बजरंग ग्रुप, मेट्रो 65 और डायमंड मास्टर जैसे ऑनलाइन सट्टा पैनलों का संचालन कर रहा था। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने का फायदा उठाकर वह हाई-प्रोफाइल ग्राहकों को जोड़ता था और मोबाइल एप व वेबसाइट के जरिए सट्टा खिलवाता था। पुलिस के अनुसार 3 STUMPS नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म महादेव सट्टा सिंडिकेट की तर्ज पर तैयार किया गया था।

मुंबई और गोवा में एक साथ रेड

मुंबई में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बाबू खेमानी के साथ रोहित सिंह और विशाल कश्यप को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार जब्त की गई। वहीं गोवा में छापेमारी कर एक सक्रिय सट्टा पैनल को ध्वस्त किया गया और चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यहां से दो लैपटॉप, 14 मोबाइल फोन, राउटर, कैलकुलेटर, एटीएम कार्ड और सट्टे के हिसाब-किताब से जुड़ी सामग्री बरामद हुई।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल मिलाकर 3 लैपटॉप, 18 मोबाइल फोन, 10 एटीएम कार्ड, राउटर सहित अन्य उपकरण और एक लग्जरी कार जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है।

रायपुर से शुरू हुआ नेटवर्क, कई राज्यों में फैला

पुलिस पूछताछ में बाबू खेमानी ने बताया कि उसने करीब 2.5 साल पहले रायपुर से इस नेटवर्क की शुरुआत की थी। पहले मेट्रो, कलर 777 और क्लासिक एक्स 99 जैसे एप चलाए गए, लेकिन पुलिस कार्रवाई के बाद इन्हें बंद कर दिया गया। इसके बाद नए नामों से पैनल तैयार कर पुराने ग्राहकों को जोड़ा गया। पुलिस दबाव के कारण नेटवर्क को महाराष्ट्र, गोवा और अन्य राज्यों में शिफ्ट कर दिया गया। गिरोह के सदस्य अलग-अलग शहरों में रहकर काम करते थे। कोई आईडी बांटने का काम करता था, तो कोई बैंक खातों का इंतजाम करता था। एक सदस्य कलेक्शन एजेंट के रूप में सट्टे की रकम वसूलता था।

करोड़ों का लेन-देन

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गिरोह सट्टे की रकम के लेन-देन के लिए म्यूल अकाउंट यानी किराए पर लिए गए बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। आरोपी देशभर के एजेंटों से 20 से 30 हजार रुपये में बैंक खाते हासिल करते थे और उन्हीं खातों के जरिए करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन करते थे। पुलिस अब इन खाताधारकों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में है। वित्तीय जांच में बड़े पैमाने पर लेन-देन के संकेत मिले हैं।

हो चुकी है कार्रवाई: पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार बाबू खेमानी और उसके भाई करण खेमानी के खिलाफ पहले भी जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज हो चुका है। वर्ष 2023 में करण खेमानी को खम्हारडीह थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया था। बाबू खेमानी पर भी प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

जनगणना की तैयारी तेज 16 अप्रैल से स्व-गणना शुरू

महासमुंद / नवप्रदेश।। । जिले में जनगणना को लेकर तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत तेज़ी से जारी हैं। गुरुवार 16 अप्रैल से नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू कर दी गई है। अब लोग निर्धारित एसई वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्वयं पोर्टल पर अपना स्व-गणना फॉर्म भरकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया नागरिकों की सुविधा के लिए सरल और सुरक्षित बनाई गई है। घर का मुखिया इस फॉर्म को भर सकता है और एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही फॉर्म भरा जा सकेगा। फॉर्म भरने का समय सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक निर्धारित है। फॉर्म जमा करने पर एक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के आने पर दिखाना होगा। यदि कोई नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। इस दौरान प्राप्त सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसे किसी भी प्रकार के साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा।

भाजपा सरकार की छोटी सोच का परिणाम है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी साड़ियां बांटना : सुखचंद बेसरा

गरियाबंद / नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही साड़ियों के आकार में कटौती को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने इसे मातृशक्ति का अपमान बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बेसरा ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार एक तरफमहिला सशक्तिकरण का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के माध्यम से ऐसी साड़ियां बांटी जा रही हैं जो पहनने योग्य ही नहीं हैं।मानक आकार से काफी छोटी इन साड़ियों ने सरकार के भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की पोल खोल दी है। सुखचंद बेसरा ने कहा कि साड़ियों के कपड़े और लंबाई में कटौती करना सीधे तौर पर करोड़ों रुपये के घोटाले का संकेत है। आखिर किसके इशारे पर टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर छोटी साइज की साड़ियां खरीदी गईं? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर की मेहनती महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिन-रात शासन की योजनाओं को जमीन पर उतारती हैं। उन्हें ऐसी साड़ियां देना जो तन ढकने के लिए भी पर्याप्त न हों उनके स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ है। यह भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि विभाग में ऊपर से नीचे तक कमीशनखोरी का खेल चल रहा है।

अंबेडकर जयंती पर गांड़ा समाज ने किया संगोष्ठी का आयोजन

बागबाहरा / नवप्रदेश।। । भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज, विकासखंड बागबाहरा के तत्वावधान में युवा प्रकोष्ठ द्वारा एक गरिमामयी सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11:30 बजे अंबेडकर चौक, बागबाहरा में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे नवागांव स्थित कार्यक्रम स्थल पर डॉ. अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर विधिवत संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी के दौरान सर्वप्रथम संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिससे उपस्थित जनों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कर विचार गोष्ठी प्रारंभ हुई। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के महत्व, संगठन की शक्ति, सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए।

गौधाम योजना ठंडे बस्ते में और गौवंश सड़कों पर: सेवन

महासमुंद / नवप्रदेश। । पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गौधाम योजना को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की उदासीनता के चलते गौवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और जनहानि की घटनाएं सामने आ रही हैं।चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2023 तक प्रदेश में संचालित लगभग 10,800 गौठानों को बंद कर दिए जाने से लाखों पशु सुरक्षित आश्रय से वंचित हो गए हैं। उन्होंने इस निर्णय को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए कहा कि इससे न केवल पशु संरक्षण प्रभावित हुआ है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ा है।

बैंक फ्रॉड प्रभावितों की रकम वापसी नहीं होने पर होगा आंदोलन

धरसीवां / कूंरा। आईडीबीआई बैंक फ्राड मामले में प्रभावित लोगों शांत नहीं बैठेंगे जिस प्रकार बैंक द्वारा आर्डिट जांच के नाम पर बैंक खोलने में मदद किए है आर्डिट अधिकारियों द्वारा प्रभावितों से पूरी जानकारी प्राप्त किए है प्रभावितों द्वारा मदद भी किए है इस उम्मीद से कि हमे रकम वापसी हो जाएगी।

लेकिन अगर प्रभावितों के साथ किसी प्रकार का धोखा होता है तो सभी एक जुटता से पुनः आंदोलन का राह अपनाया जाएगा बैंक ये निश्चिंतता में न रहे सभी प्रभावितों का हितों को ध्यान में रखकर संवेदन शीलता के साथ जांच करे एवं सभी की गबन की राशि वापस दिलाए बड़ी रकम सभी हितग्राहियों का है सभी की एकजुटता से आंदोलन हुआ आगे भी सभी एकजुटता से लड़ेंगे,जिस प्रकार से फर्जी बांड पेपर देकर,फर्जी मुचवलफ्ंड,पासबुक में बाहर से एंट्री सभी को धोखा मिला है ऐसी स्थिति में सभी के साथ धोखा हुआ है।

बैंक किसी के ऊपर ब्लेम लगाकर बच नहीं सकता बैंक की पूरी जिम्मेदारी है कि बैंक में लेनदेन के समय ही फ्राड हुआ है ऐसी स्थिति में सभी का रकम वापसी करे। पूरा राशि 1करोड़ 53लाख 25हजार 890रु की राशि मय ब्याज वापिस कराए सरकार। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि प्रभावितों को बैंक द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराए साथ ही बैंक की विश्वनीयता को कायम रखने सभी प्रभावितों की रकम वापसी करे। अगर किसी प्रकार की प्रभावितों के साथ धोखा होगा तो प्रभावितों के साथ पुनः आंदोलन कर बैंक बंदी में प्रभावितों को मदद करेंगे अब पुनः आंदोलन की स्थिति में आस पास के खाता धारकों को भी साथ लेकर बैंक बंद कराने के लिए आह्वान करेंगे।

समीक्षा: नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जल और स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक

अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने 'मिशन मोड' में काम करें

भाटापारा / नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व वसूली, जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में ग्रीष्मकालीन जल आपूर्ति की व्यवस्था, राजस्व वसूली की रणनीति तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'मिशन मोड' में कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए। ।। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष श्री शर्मा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्देश दिए कि वर्तमान में किसी भी नागरिक का नल कनेक्शन नहीं काटा जाए ,उन्होंने कहा कि पानी हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है और गर्मी में किसी को भी इस सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता। वही उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें वैध करने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया । बैठक के दौरान कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्ती के बजाय घर-घर जाकर नागरिकों को प्रेरित करें और जल कर व अन्य राजस्व की वसूली सुनिश्चित करें। नगर के सभी वार्डों में पानी की नियमित मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टेल-एंड (अंतिम छोर) तक भी पानी सुचारू रूप से पहुँचे।

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं 'मिशन क्लीन सिटी' के सुपरवाइजरों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करनी होगी।

जनपद की करोड़ों की जमीन कराया जाए अतिक्रमण मुक्तः सभापति सुधा

महासमुंद / नवप्रदेश। जनपद पंचायत की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर वर्षों से जारी अतिक्रमण और अव्यवस्था को लेकर जनपद सभापति सुधा योगेश्वर चंद्राकर ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस बहुमूल्य जमीन का जल्द सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करते हुए इसे सुनियोजित विकास के जरिए आय का प्रमुख स्रोत बनाने पर जोर दिया है।

सभापति श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि मुख्य बाजार स्थित जनपद की 10 से अधिक दुकानों से राजस्व वसूली का आंकड़ा हजार रुपये तक भी नहीं पहुंच पा रहा है, जो गंभीर लापरवाही और संभावित अनियमितताओं की ओर इशारा करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उच्च अधिकारी पंचायतों की आय बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं, तब जनपद की अपनी संपत्तियों की अनदेखी समझ से परे है।

छत्तीसगढ़ में 9,000 से अधिक लोगों ने घर बैठे पूरी की स्व-गणना प्रक्रिया

- पहली बार कागजरहित और पूर्ण डिजिटल माध्यम से संकलित हो रहा है राष्ट्रीय डेटा
- डिजिटल संदर्भ संख्या के माध्यम से प्रगणक करेंगे त्वरित सत्यापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मे शुरू हुई भारत की जनगणना 2027' के प्रथम चरण का आगाज़ बहुत सुगम हुआ। राज्य में शुरू हुई इस पूर्णतः डिजिटल जनगणना को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in/ के सक्रिय होते ही प्रदेश भर से पंजीकरण का सिलसिला शुरू हो गया है। जनगणना संचालन निदेशालय, छत्तीसगढ़ के द्वारा मिले आंकड़ों के अनुसार, लगभग 13,400 व्यक्तियों ने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है, जिनमें से 9,002 नागरिक अपनी स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर

चुके हैं। भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य आगामी दशक के लिए सटीक सामाजिक-आर्थिक नीतियों हेतु एक विश्वसनीय डिजिटल डेटा आधार तैयार करना है। इस चरण में 'स्व-गणना' के विकल्प ने नागरिकों को सशक्त बनाया है, जिससे वे बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर पा रहे हैं। डिजिटल जनगणना की इस प्रक्रिया को अत्यंत सरल और सुरक्षित बनाया गया है।

नागरिकों को पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर 'वन टाइम पासवर्ड' आधारित प्रमाणीकरण करना होता है। इसके उपरांत, परिवार के मुखिया द्वारा आवास की स्थिति, पेयजल के स्रोत, ऊर्जा के साधन और परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत विवरण जैसे–नाम, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी दर्ज की जा रही है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नागरिकों को एक डिजिटल संदर्भ संख्या (Census Reference Number - CRN) प्राप्त हो रही है। यह संख्या भविष्य में सत्यापन के समय प्रगणकों (Enumerators) को दिखानी होगी, जिससे डेटा मिलान का कार्य त्वरित और त्रुटिहीन होगा। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों और 19,978 ग्रामों में इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 62,500 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशाल टीम तैनात की है। इसमें 51,300 प्रगणक और 9,000 पर्यवेक्षक शामिल हैं, जो डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डेटा सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। तकनीकी सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन संख्या 1855 भी सक्रिय है, जो नागरिकों के संशयों का निराकरण कर रही है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान संकलित किया गया समस्त व्यक्तिगत डेटा जनगणना अधिनियम, 1948 के कड़े प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय है। इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय विश्लेषण और विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। इसे किसी भी कानूनी जांच या कर निर्धारण के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। केंद्र एवं राज्य सरकारों ने प्रदेशवासियों से इस डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। पहले दिन प्राप्त उत्साहजनक आंकड़े इस बात का प्रतीक हैं कि छत्तीसगढ़ के नागरिक राष्ट्र निर्माण की इस डिजिटल प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।

सीएम साय ने 'मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया' महाअभियान का किया शिलान्यास

आजीविका डबरी और नए तरिया से किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ: साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल 'मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया महाअभियान' का आज जशपुर के रणजीता स्टेडियम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ किया। अभियान के अंतर्गत 'नवा तरिया, आय के जरिया' के तहत प्रदेश में 500 नए तरिया (तालाब) के निर्माण का भी शिलान्यास किया। इससे जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि और कृषि कार्यों के लिए सिंचाई सुविधा में सुधार होगा। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य किए जाएंगे।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत इस महाअभियान के तहत प्रदेशभर में 10,000 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 15 अप्रैल 2026 तक 13,000 से अधिक डबरी निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। यह उपलब्धि अभियान की गति और प्रभावशीलता को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि जल ही जीवन और विकास का आधार है। 'मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया' अभियान के माध्यम से हम गांव-गांव में जल संरक्षण को जन आंदोलन बना रहे हैं। इससे न केवल पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजीविका डबरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, सब्जी उत्पादन और वृक्षारोपण जैसे विविध आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे लोगों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे। ग्रामीण स्तर पर इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन, बैनर, ग्राम सभाओं में जागरूकता अभियान तथा क्यूआर कोड के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए आजीविका डबरी से जुड़े कार्यों में स्व सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हितग्राही परिवार की महिला सदस्य का नाम नागरिक सूचना पटल में अंकित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं की अधिकारिता और भागीदारी मजबूत हो सके।

इसके तहत उन्नत तकनीक आधारित योजना निर्माण और ग्राम सभा की स्वीकृति के आधार पर कार्यों को मंजूरी दी जा रही है, जिससे पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो रही है। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से यह अभियान ग्राम पंचायतों के समग्र विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा। 'मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया' महाअभियान जशपुर सहित पूरे प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाते हुए ग्रामीणों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में उभर रहा है।

आदर्श विद्यालय मोवा के छात्रों ने 10वीं के परीक्षा परिणामों में रचा इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। आदर्श विद्यालय मोवा के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सेकंडरी स्कूल परीक्षा, सत्र - 2025-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र तेजस सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अक्षत त्रिपाठी ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा मोहम्मद अयान रियाज ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। छाया साहू ने 94.8 प्रतिशत हासिल किया। आदर्श विद्यालय मोवा के 30 से भी अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सबिता चतुर्वेदी ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार, न्यू राजेंद्र नगर पुलिस की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए चिट्टा (हेरोइन) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल 2026 को टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि श्री मेडिशाइन अस्पताल के पीछे एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर बिक्री की फिराक में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संदीप पटेल ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एसीपी इशू अग्रवाल तथा थाना प्रभारी न्यू राजेंद्र नगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सौरभ ठाकुर (29 वर्ष) निवासी न्यू राजेंद्र नगर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 7 ग्राम मादक पदार्थ चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना न्यू राजेंद्र नगर में अपराध क्रमांक 153/26 के तहत धारा 21(बी) एवं 29 नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपये है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक खंगाले जा रहे हैं, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बताया गया है।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में आज से समर कैंप

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में शनिवार, 18 अप्रैल को सुबह आठ बजे से ध्यान और योग के साथ समर कैंप का शुभारंभ किया जाएगा। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि इस 10 दिवसीय कैंप में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के अलावा बाहर के शालेय बच्चे भाग ले रहे हैं। बहुत से बच्चों ने अपना पंजीयन करा लिया है। अब शालाओं में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने के बाद अब बहुत से बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शिविर में पहुंचेंगे और उनका भी शिविर में स्वागत किया जाएगा। समर कैंप प्रभारी अपर्णा आठले ने बताया कि पहले दिन सुबह 8:30 से 10:30 तक लगने वाले कैंप में बच्चे आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग, जुंबा डांस, गीत- संगीत, वैदिक गणित, स्पोकन इंग्लिश, स्पोर्ट्स एंड गेम्स और फायरलैस कुकिंग में से अपनी पसंद के दो सेगमेंट में शामिल होंगे। कैंप की शुरुआत ध्यान और योग के साथ की जाएगी। वहीं अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा अलग-अलग विधाओं में बच्चों को पारंगत किया जाएगा।

सेहत से रिश्ते का एक दशक पूर्ण, वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की दसवीं वर्षगांठ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मेडिकल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में गिने जाने वाले तेलीबांधा रिंग रोड नंबर 1 में स्थित वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक दस वर्ष पूर्ण कर ग्यारहवें वर्ष में प्रवेश किया। वी केयर हॉस्पिटल के प्रमुख डायरेक्टर डॉक्टर विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ वासियों के असीम सहयोग व विश्वास से तथा हॉस्पिटल के सभी साथी डॉक्टर्स, नर्स व कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण कर ग्यारहवें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अपार स्नेह के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़ वासियों का आभार व्यक्त किया। वी केयर हॉस्पिटल मरीजो के प्रति हमारे समर्पण और संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि विगत 10 वर्षों में वी केयर हॉस्पिटल ने लोगों का विश्वास हासिल किया है, जो अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि विगत के वर्षों में 60 हजार से अधिक OPD, 22 हजार से अधिक सर्जरी, 35 हजार से अधिक IPD एवं अन्य जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। अस्पताल पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिसमें एडवांस ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा विभाग, घुटने एवं कंधे की ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर, न्यूरो सर्जरी, क्रिटिकल केयर यूनिट, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल सर्जरी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन एवं डायलिसिस यूनिट, श्वास एवं छाती रोग, थोरेसिक एवं वास्कुलर सर्जरी, पीडियाट्रिक विभाग, यूरोलॉजी विभाग, कान नाक एवं गला रोग विभाग, कैंसर केयर यूनिट, मनोरोग विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

छात्रसंघ चुनाव की मांग पर एनएसयूआई का प्रदर्शन तेज, मंत्री बंगले से पहले रोके गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एनएसयूआई के नेता और कार्यकर्ता उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपने उनके बंगले की ओर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया और किसी तरह की बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने आरोप लगाया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर मंत्री निवास जा रहे थे, लेकिन उन्हें जानबूझकर रोका गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 10 वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं, जिससे छात्रों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्रसंघ चुनाव कराना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है और इसे लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। 'अगर हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में 5 अतिरिक्त न्यायाधीश बने स्थायी न्यायाधीश

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के उपरांत छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। नियुक्त किए गए न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल, न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु तथा न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद शामिल हैं। इन सभी न्यायाधीशों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ मामलों के त्वरित निपटारे में सहायक होंगी।

कांटा-चम्मच से उठाए चने को मग में डाला

महाराष्ट्र मंडल के सड्डू-मोवा केंद्र ने मजेदार खेलों के साथ मनाया चैत्र गौरी हल्दी कुंकू उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सड्डू- मोवा केंद्र की महिलाओं ने सह संयोजिका उर्वशी उरगांवकर के निवास पर हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। इसमें महिलाओं ने मजेदार खेलों के साथ उत्सव का एंजॉय किया।

केंद्र की संयोजिका शालिनी जोशी ने बताया कि सड्डू-मोवा केंद्र के चैत्र गौर हल्दी कुंकू उत्सव में बड़ी संख्या में पहुंची महिला सभासदों का स्वागत हल्दी कुंकू लगाकर और वाण (उपहार) देकर दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए एक छोटा, लेकिन मजेदार खेल रखा गया था, जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। खेल में कांटा- चम्मच को एक मिनट के अंदर अधिक से अधिक चने मग में डालने थे। जिसने ज्यादा चने डाले, वह विजेता घोषित किया गया। शालिनी ने बताया कि खेल के लिए पानी के छह डिस्पोजल गिलास लिए गए।

इनमें से एक गिलास के नीचे चैत्र और दूसरे गिलास के नीचे गौरी लिखा था। गिलास को सफल कर एक क्रम से जमा दिया गया, ताकि प्रतिभागी को यह पता न चल सके कि किस गिलास में चैत्र लिखा है और किसमें गौरी। फिर कांटा- चम्मच की मदद से प्रतिभागियों को काबुली चना उठाकर गिलास में डालना था। पहले क्रम में सभी गिलास में एक-एक चना, फिर दूसरे क्रम में क्रमशः दो-दो चना, फिर तीन-तीन कांटे से उठाकर डालना था। इसके लिए सभी प्रतिभागियों को एक मिनट का समय दिया गया था। कुछ ने गिराया, तो कुछ ने सही क्रम में चने डालने में सफलता पाई। फिर चैत्र और गौर लिखे गिलास के चने की गिनती की गई। जिसका चना ज्यादा था, वो विजेता घोषित किया गया। इस खेल को सभी ने खूब एंजॉय किया। इसमें प्रथम रंजना देशपांडे, द्वितीय वैदेही राउत और तृतीय स्थान सविता अलोने को मिला। पुरस्कार स्वरूप सभी को पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर सभी को हल्दी कुंकू लगाकर मोगरे का गजरा, आम्बेदाल, आम पणा, भेल, लड्डू प्रसाद स्वरूप दिया गया।

हमारी जनगणना हमारा विकास
गृह मंत्रालय भारत सरकार
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं
स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है
स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें
अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है
क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूं?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा
क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है
यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है
क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूं?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855
CBC 19108/13/0039/2627
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

सुविचार

जरूरी नहीं कि जिनके कर्म खराब हों उन्हें ही कष्ट होता है। हद से ज्यादा अच्छे लोगों को भी कष्ट उठाना पड़ता है।

ईरान को फिर ट्रंप की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को धमकी दी है कि वह दूसरे दौर की प्रस्तावित शांति वार्ता में भाग लें और अमेरिका की शर्तों को मानकर डील फाइनल करे अन्यथा अमेरिका और ईरान के बीच फिर जंग होगी और ईरान को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। समझ में नहीं आता कि डोनाल्ड ट्रंप आखिर चाहते क्या हैं। एक ओर तो वे ईरान के साथ समझौता करने के लिए मरे जा रहे हैं और दूसरी ओर ईरान को धमकी देने से बाज भी नहीं आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने शांति वार्ता के दूसरे दौर के लिए ईरान को राजी करने के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर को ईरान भेजा और जहां वे ईरान को अमेरिका की शर्तों को अवगत कराने के बाद अमेरिका जाएंगे और डोनाल्ड ट्रंप से चर्चा करने के बाद अगली शांति वार्ता इस्लामाबाद में ही रखने की योजना को फाइनल किया जाएगा। जब डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ बातचीत करने की भूमिका बना ही रहे हैं तो उन्हें ईरान को बार बार इस तरह की धमकी देने से बाज आना चाहिए। सारी दुनिया चाहती है कि अमेरिका और ईरान के बीच जंग रूके ताकि दुनिया के कई देशों को पिछले डेढ़ माह से तेल और गैस के भयावह संकट का जो सामना करना पड़ रहा है वह संकट दूर हो। किन्तु डोनाल्ड ट्रंप की इस तरह की धमकी चमकी के कारण दोनों देशों के बीच शांति वार्ता में व्यवधान पड़ सकता है। इस बीच एक अच्छी बात यह हुई है कि डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिनों का संघर्ष विराम हो गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने पहले दौर की शांति वार्ता का एक तरह का बहिष्कार इसीलिए किया था कि इजराइल लेबनान पर अभी भी बम बरसा रहा है। अब इजराइल और लेबनान में सीजफायर हो जाने के बाद ईरान का रूख नरम पड़ सकता है और वह दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए तैयार हो सकता है। किन्तु डोनाल्ड ट्रंप यदि कट्टे की नोक पर अपनी शर्तें मनवाने की कोशिश करते रहेंगे और ईरान को इसी तरह की धमकी चमकी देंगे तो बात बिगड़ सकती है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यदि ईरान अमेरिका की शर्तों को कबूल कर लेता है और दोनों के बीच सहमति बन जाती है तो वे खुद पाकिस्तान जाने के लिए भी तैयार हैं। इधर अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मूज की नाकाबंदी और कड़ी कर दी है और वहां से गुजरने वाले दस जहाजों के वापस लौटा दिया है। यही नहीं बल्कि वहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। ऐसी स्थिति में ईरान की नाराजगी बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि ईरान और अमेरिका के बीच जो सप्ताह का सीजफायर हुआ है उसके तहत डोनाल्ड ट्रंप जुबानी फायरिंग से भी फिलहाल परहेज करें ताकि दूसरे दौर की बातचीत हो सके और जंग टल सके।

अनिवार्य मतदान पर सुप्रीम कार्ट की दो टूक

देश में मतदान को अनिवार्य करने के लिए दायर की गई एक याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि वोट देने के लिए नागरिकों को मजबूर नहीं किया जा सकता और न ही वोट न देने वाले लोंगो के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार मतदान एक संवैधानिक अधिकार तथा लोकतांत्रिक कत्वर्य है लेकिन यह किसी पर थोपा नहीं जा सकता। गौरतलब है कि सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि मतदान को अनिवार्य किया जाये और जो लोग मतदान नहीं करते उन्हें सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाये। आखिरकार इस मांग पर जब सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि यह एक नीतिगत निर्णय है और केन्द्र सरकार चाहे तो इस पर उचित फैसला ले सकती है। यह वास्तव में केन्द्र सरकार को इस बारे में निर्णय लेना चाहिए क्योंकि चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाये जाने के बावजूद हमारे देश में मतदान प्रतिशत अवसत ही रहा है। सत प्रतिशत मतदान का सपना पूरा होता दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है जबकि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मताधिकार का उपयोग करें। यदि शत प्रतिशत मतदान होता है तो इससे अच्छी और कोई बात हो ही नहीं सकती। उल्लेखनीय है कि कई चुनावों में जीत और हार का अंतर 100 -200 वोटों से लेकर कुछ हजार वोटों तक ही रहता है। जबकि हजारों की संख्या में लोग मतदान हीं नहीं करते यदि सभी मतदान करें तो इससे चुनावी नतीजे भी बेहतर होंगे और भारतीय लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

- जिस पात्र के भीतर ज्ञान नहीं टिकता तो निश्चित ही वह दयावान नहीं है।
- कर्म की परिभाषा है जो क्रिया कृष्ण की तरफ ले जाए, गोविंद की तरफले जाए, आनंद की तरफ ले जाये, मौज की तरफले जाए; वही कर्म है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1612 - शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया। 1859 - देश में आजादी की अलख जगाने वाले तात्या टोपे को 1857 की आजादी की पहली क्रांति में निर्णायक भूमिका निभाने पर फांसी पर लटका दिया गया। 1902 - अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करने शुरू किए। 1917 - गांधी जी ने अपने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया। 1948 - हेग, नीदरलैंड्स में इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस की स्थापना। 1950 - विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश के तेलंगाना में पंचमपल्ली गांव की 80 एकड़ भूमि के साथ भूदान आंदोलन शुरू किया। 1955 - जाने-माने वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का 76 वर्ष की उम्र में प्रिंसटन के एक अस्पताल में निधन। 1955 - बांडुंग में अफ्रीकी-एशियाई सम्मेलन; प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन का देहावसान।

यूसीसी पर छत्तीसगढ़ का कदम: न्याय की राह या सामाजिक चुनौती

उत्तराखंड और गुजरात के बाद अब तीसरे भाजपा शासित राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ ने भी समान नागरिक संहिता (द्वद्बद्घद्भश्व्द्ब ष्द्व1द्वद्य ष्श्र्रद्ग–ष्ट) लागू करने की दिशा में निर्णायक पहल कर दी है। राज्य मंत्रिपरिषद ने इस उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दे दी है, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। यह समिति यूसीसी का प्रारूप तैयार करेगी और इसके लिए व्यापक स्तर पर सुझाव एकत्र करेगी। समिति के अन्य सदस्यों के चयन का अधिकार मुख्यमंत्री को सौंपा गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस विषय को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना चाहती है।

अशोक कुमार साहू

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण और पारिवारिक विवादों जैसे विषयों में अलग-अलग धर्मों के आधार पर विभिन्न पर्सनल लॉ लागू होते हैं। यह व्यवस्था कई बार न्यायिक प्रक्रिया को जटिल बनाती है और समानता के सिद्धांत को प्रभावित करती है। सरकार का मानना है कि यूसीसी लागू होने से कानून व्यवस्था अधिक सरल, पारदर्शी और न्यायसंगत बनेगी। साथ ही यह महिलाओं और वंचित वर्गों को अधिक अधिकार देकर लैंगिक समानता को भी सुदृढ़ करेगी। गठित की जाने वाली समिति राज्य के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विषय विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श करेगी। इसके लिए एक वेब पोर्टल के माध्यम से भी सुझाव आमंत्रित किए जाने की संभावना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। समिति द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों के आधार पर तैयार प्रारूप को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। हालांकि, इस पूरी कवायद के बीच सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा राज्य की लगभग 32 प्रतिशत आदिवासी आबादी को लेकर है। फिलहाल सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आदिवासी समुदाय को यूसीसी के दायरे में शामिल किया जाएगा या उससे बाहर रखा जाएगा। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट परंपराएं, रीति-रिवाज, खान-पान और सामाजिक ढांचा होता है, जो मुख्यधारा के कानूनों से काफी अलग होता है। ऐसे में उन्हें एक समान कानूनी ढांचे में समाहित करना किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस निर्णय पर सवाल उठाते हुए विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि यदि यूसीसी लागू किया गया, तो इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव आदिवासी समाज पर पड़ सकता है। उन्होंने यह सवाल उठाया है कि क्या पेसा कानून यथावत रहेगा, क्या पांचवीं अनुसूची के तहत पंचायतों को प्राप्त अधिकार सुरक्षित रहेंगे, और क्या विशेष संरक्षित जनजातियों– जैसे बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, अबुझमाड़िया, भुंजिया और

पांडा–को प्राप्त संवैधानिक संरक्षण में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या आदिवासियों के सामुदायिक भूमि अधिकारों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। समान नागरिक संहिता का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए, धर्म या समुदाय की परवाह किए बिना, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और संपत्ति से संबंधित मामलों में एक समान कानून लागू करना है। इसका उद्देश्य कानून के समक्ष समानता को बढ़ावा देना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को यह निर्देश दिया गया है कि वह सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करे। यह विषय लंबे समय से राजनीतिक विमर्श का हिस्सा रहा है और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चुनावी वादों में शामिल रहा है।

संविधान सभा में इस मुद्दे पर हुई बहस में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था।वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना की किताब ..इंडिया अर्थात भारत.. के अनुसार संविधान सभा में इस मसले पर हुई चर्चा में डॉ.आंबेडकर ने कहा था, हमारे देश में धर्म का दायरा जन्म से मृत्यु तक फैला है। यहां ऐसी कोई चीज नहीं है, जो धर्म न कही जाय। अगर हम निजी कानूनों की रक्षा करते हैं तो सामाजिक परिवर्तन के मामलों में हमें यथास्थितिवादी बनकर रहना होगा। यह कोई असाधारण बात नहीं है कि हम धर्म की सीमा निर्धारित करें। जिस समान नागरिक संहिता की जरूरत को सुप्रीम कोर्ट कई मौकों पर निर्देशित कर चुका है ,उसकी जरूरत संविधान निर्माण के दौरान ही अनुभव की गई थी। तब आंबेडकर ने इस ओर इशारा किया था, " धर्म को उन रीति रिवाजों तक सीमित किया जाए जो मूलतः धार्मिक हैं। यह आवश्यक नहीं है कि उत्तराधिकार और स्वामित्व के कानून भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर निर्धारित हों।" भारत में गोवा एक ऐसा राज्य है जहां ऐतिहासिक रूप से नागरिक संहिता लागू है। हालांकि यह पूर्ण रूप से समान नागरिक संहिता नहीं है, क्योंकि इसमें कुछ समुदायों के लिए विशेष प्रावधान मौजूद हैं। स्वतंत्रता के बाद उत्तराखंड पहला राज्य बना जहां जनवरी 2025 से यूसीसी लागू हुआ। इस कानून में अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। इसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप से संबंधित मामलों में समान नियम लागू किए गए हैं। साथ ही बहुविवाह पर प्रतिबंध और लिव-इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण भी शामिल है। इसमें विवाह के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर दंड का भी प्रावधान है।

मार्च 2026 में गुजरात विधानसभा ने भी यूसीसी विधेयक पारित किया, जिससे वह उत्तराखंड के बाद यह कानून लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया। गुजरात में भी यह कानून विवाह, तलाक, संपत्ति और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े मामलों में समान नियम लागू करता है। इसमें बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध और लिव-इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण शामिल है। यहां भी अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। इन दोनों राज्यों के अनुभव छत्तीसगढ़ के लिए मार्गदर्शक हो सकते हैं, विशेषकर तब जब यहां आदिवासी आबादी का प्रतिशत अधिक है। उत्तराखंड में जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी लगभग 2.9 प्रतिशत है, वहीं गुजरात में यह आंकड़ा लगभग 14.8 प्रतिशत है। इसके मुकाबले छत्तीसगढ़ में आदिवासी आबादी लगभग 32 प्रतिशत है, जो इस मुद्दे को और अधिक जटिल और संवेदनशील बना देता है।

सरगुजा की रामगढ़ पहाड़ी पर स्थित है एशिया की प्राचीनतम नाट्यशाला

डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर से 60 किलोमीटर दूर स्थित है रामगढ़ पहाड़ी । रामगढ़ पहाड़ी पर दो गुफाएं हैं; एक सीताबेंगरा और दूसरी जोगीमारा द्य रामगढ़ की पहाड़ी को 'रामगिरी' भी कहा जाता है क्योंकि यह लोक मान्यता है कि भगवान राम ने बनवास के दौरान इस पहाड़ी पर कुछ समय बिताया था। उत्तरी गुफा को सीताबेंगरा अर्थात सीता का कमरा माना जाता है।

तीसरी-दूसरी शताब्दी (ईसा पूर्व) काल की मानी जाने वाली सीताबेंगरा वास्तव में नाटक, गीत और काव्य पाठ के प्रदर्शन के लिए बनी जगह थी। सामने मंच और पीछे दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की इसकी बनावट यूनानी रंगमंच जैसी है। पास में स्थित जोगीमारा गुफा उन कलाकारों का विश्राम स्थल रही होगी, जो सीताबेंगरा में प्रदर्शन करते थे द्य (पुरातत्ववेत्ता डॉ थियोडोर ब्लोज, 1904) द्य प्राचीन भित्तिचित्रों के लिए प्रसिद्द जोगीमारा गुफा में ब्राह्मी लिपि में लिखे गए अभिलेख में प्रेम, भक्ति और कला की झलक मिलती है द्य यह भारत के अब तक ज्ञात सबसे पुराने भित्तिचित्र माने जाते हैं; हालाकि यह चित्र समय और नमी से ख़राब हो चुके हैं पर अभी भी इनमें पेड़, हाथी, रथ और नृत्य करती हुई नारियां को चित्रों में पहचाना जा सकता हैं । चित्रों में लाल, पीले और दूसरे रंगों का प्रयोग हुआ है जो मौर्य कालीन कला की परंपरा का संकेत देते हैं । इन चित्रों की प्रतिलिपियां तैयार करने वाले अध्येता असित कुमार हलधर (1914) के निष्कर्ष के अनुसार यह भित्तिचित्र दो अलग-अलग कालखंडों के हैं, पहले तीसरी-दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व का अत्यंत परिष्कृत चित्रण कार्य और दूसरा, कई शताब्दियों के बाद का अपेक्षाकृत साधारण चित्रण। हलधर के अनुसार जोगीमारा की दीवारों पर 'सुतनुका का नृत्यगृह' शब्द का उल्लेख है द्य शिलालेख में उल्लेख है कि सुतनुका नामक देवदासी ने इस स्थल को नारियों के विश्राम स्थल के रूप में बनवाया था द्य इससे यह अनुमान लगाया जाता है कि जोगीमारा गुफा

सीताबेंगरा में नृत्य प्रदर्शन करने वाली स्त्रियों का विश्राम स्थल रही होगी। 1848 में लेफ्टिनेंट कर्नल जे आर ओसले ने रामगढ़ गुफाओं का पहला उल्लेख करते हुए पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर और एक बड़ी सुरंग का वर्णन किया द्य लेफ्टिनेंट-कर्नल टी डाल्टन 1863-64 में और उसके बाद वी वॉल ने 1872 में रामगढ़ की पहाड़ियों का सर्वेक्षण किया द्य 1874-75 में जेड वैगलर ने इन्हें रामायण के चित्रकूट से जोड़ा द्य अलेक्जेंडर कनिंघम ने 1871 में शिलालेख प्रकाशित कर बताया कि एक मूर्तिकार देवदीना ने किसी देवदर्शिन व्यक्ति नामक व्यक्ति के लिए यह लेख उकेरे हैं द्य दिसंबर 1964 में भारत सरकार ने इन गुफाओं को राष्ट्रीय महत्व का मानते हुए इन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया था। रामगढ़ की पहाड़ी को यहां का आदिवासी समुदाय इस 'देव पहाड़' कहते हैं। यह स्थानीय जनजाति समाज की आस्था का प्रतीक भी है। उनके लिए यह कोई पत्थर नहीं बल्कि एक जीवित देवता है द्य पहाड़ी पर एक राम जानकी मंदिर भी है द्य यह बहु-प्रचलित मान्यता है कि राजा भोज की उज्जयनी को छोड़ कर महाकवि कालिदास ने यहाँ आकर इसी रामगढ़ की पहाड़ी को अपना आश्रय बनाया था और यहीं पर उन्होंने अपने महाकाव्य 'मेघदूतम' की रचना की थी द्य आषाढ़ के पहले दिन यहां बादलों की पूजा अर्चना की जाती है । हर साल इस दिन आसपास के गांवों के आदिवासी यहां पूजा करने आते हैं द्य राज्य सरकार ने महाकवि कालिदास की प्रतिमा भी यहाँ स्थापित की है, जिसमे महाकवि कालिदास अपने हाथ में 'मेघदूतम' लिए हुए हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज खुद को खुद के वजूद और जज्बात के झरोखें से झन से आती बयार की नमी ने खुद को खुद के आइने से रूबरू करा खुद के मिजाज पूछे। किसी से न कोई शिकायत न गिला ; नाराजगी है तो खुद से कि खुद को गलत राह पर गलत रिश्तों पर खर्च कर दिया।खुद को साबित करते करते थक चुके एक उम्र खर्च करने पर भी मान न हो तो शब्दों को खामोशी में तब्दील करना ही बेहतर।

- मीनू वोहरा

मैं नीर भरी मै पीर भरी मन में धीर धरी मां तेरे द्वार पर । ख्वाबों संग खड़ी।। कुछ आस है कुछ विश्वास है मन में रंग, दिल में तरंग भर। मा तेरे चरणों में पड़ी।। इक अर्जी है मेरी जब तक है सांस करूं चरण वंदना तेरी।। **- वंदना भटनागर**

तुम्हीं बोलो कि तुमसे क्या कहूँ मैं दिखाऊँ ज़ख्म या फिर रो पड़ूँ मैं कोई इस भीड़ में अपना नहीं है ये कह दूँ या तुम्हें अपना कहूँ मैं सहारे ढूँढती हूँ अपने भीतर ज़माना कहता है मज़बूत हूँ मैं बिखरना चाहती हूँ आज फिर से तकाज़ा है कि बस चलती रहूँ मैं मुझे 'ममता' इजाज़त ही नहीं है कभी मन का कहा पूरा करूँ मैं

- ममता लड़ीवाल

सनातनियों क्या आपको पता है जैसे श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को उपदेश दिए जो श्री मद्भागवत गीता जी के नाम से प्रसिद्ध है। वैसे ही श्री राम चन्द्र जी द्वारा लक्ष्मण जी को दिया गया उपदेश श्री राम गीता के नाम से सुशोभित है और वह आध्यात्म रामायण का अंश है। **- नवीन शंकर शर्मा**



इश्क इश्क को किसी ने न समझा, किसी ने न जाना, अजब है इश्क यारा, पल दो पल की खुशिया, फिर गम की दरिया से मिलता नही किनारा , आँखों से दिल में , दिल से धड़कन में बसा , फिर मिली एक अजब सी दुनियाँ , जिसमे सिर्फ ख्वाब है भरा , हकीकत कुछ नही होती , अंत में हुई अपनों से रुसवाई , इश्क में ये सब हो जाये , मिलती है अंत में किसी न किसी से जुदाई।।

- नमन कुमार मिश्रा

मैं पारंपरिक देवताओं में विश्वास नहीं करता, लेकिन मैं एक ऐसी अच्छी शक्ति में विश्वास करता हूँ जो आपके भीतर विद्यमान है और आपको कोई हानि नहीं पहुँचाएगी। भीतर से, आप एक देवदूत की तरह अच्छे हैं और बाहर से, दुनिया आपको एक राक्षस के रूप में देखती है, जो जीवित रहने के लिए संघर्ष करता है। लेकिन आपके पास अपनी आत्मा को प्रबुद्ध करने का अवसर है। **- जय बरूआ**

"आकांक्षा" एक उम्मीद सी लिये रहती हूँ बेवजह क्षितिज के उस पार से तुम्हारा अक्स दिखाई दे तो जहाँ से खत्म होकर आकांक्षायें विश्वास मे तब्दील हो जाती है खारा पानी नैनों के कोरों से बहकर तुम्हारे इन्तजार में मुझे भिगोता है हर दिन क्रमवतः तुम्हारी चाह में मैं घन्टों गुजार देती हूँ ये चाहत ही मेरा जूनून बन गई है अब ये नजारे गवाह है इस अनकहे प्यार के। **- अल्पना हर्ष**

राशि फल

प. देवव्रत शर्मा

मेष : आज घर एवं बाहर परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से सोच समझ कर ही कोई बड़ा कदम उठाएं। कामुकता अधिक रहने से शरीर के साथ-साथ मान हानि भी हो सकती है।

वृषः आज के दिन आपको लाभ के कई अवसर मिलेंगे। कार्यो के प्रति भी गंभीर रहने से धन प्राप्ति की संभावनाएं बढ़ेंगी। आज विशेषकर परिजनों की भावना समझने का प्रयास करें।

मिथुनः आज के दिन परिस्थितियां विशेष अनुकूल रहने से मानसिक दुविधा कम होगी। सुखी दिनचर्या में उत्तम स्वास्थ्य भी सहायक बनेगा।

कर्कः आज मिला जुला दिन रहने से बीते कल की अपेक्षा थोड़ा बेहतर अनुभव करेंगे। अतिआवश्यक कार्य किसी अनुभवी से परामर्श लेकर ही करें। काम धंधे को लेकर मन मे कुछ बेचैनी रहेगी।

सिंहः आपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँख में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी। कार्यो में उत्साहहीनता रहने के कारण पूर्व निर्धारित योजनाएं टालनी पड़ सकती है।

कन्याः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कामो को भी बनाने का सामर्थ्य रखेंगे कार्य क्षेत्र पर इच्छानुसार सफल तो नही होंगे फिर भी धन संबंधित मामलो में कुछ हद तक सफलता मिलने से संतोष होगा।

तुलाः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आलस्य एवं कमजोरी अनुभव होगी। कार्यो को गंभीर ना लेने से अधूरे रह जाएंगे।

वृश्चिकः दिन का अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। आलस्य के कारण कार्यो में बाधा आ सकती है। प्रातः काल के समय आकस्मिक धन लाभ होने से अधिक निश्चिन्त रहेंगे।

धनुः आज आप बेतुकी बयानबाजी के कारण संकट में फंस सकते है। अधिक बोलने से मौन धारण करना बेहतर रहेगा व्यर्थ के विवादों से बचेंगे। क्रोध के समय विशेष सावधानी बरतें मान हानि हो सकती है।

मकरः आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहेगा। परन्तु अधिक व्यस्तता के चलते थकान भी रहेगी। कार्य क्षेत्र पर नए प्रयोग अपनायेंगे जिनमे सफलता तो मिलेगी पर थोड़े विलम्ब से।

कुंभः आज आप कार्य व्यवसाय के प्रति लापरवाही दिखाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से भी आज का दिन अधिक खर्चीला रहेगा।

मीनः आज का दिन पिछले दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक रूप से सक्षम रहेंगे। सामाजिक व्यवहार आज काम आने से परेशानियों में कमी आएगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) बनारस में संस्कृत विद्यालय की स्थापना किसने की?

2) टीपू सुल्तान ने किसकी उपाधि धारण की?

3) एआई के पिता किसे कहा जाता है?

4) बेरीनाग का जल स्रोत उत्तर भारत की किस नदी का मुख्य स्रोत है?

5) तपन कुमार पटनायक ने किस नृत्य शैली में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता है?

उत्तरमाला- (1) 1791 ई. में जोनाथन डंकन (2) पादशाह (3) जॉन मैकार्थी (4) झेलम (5) छऊ

पहेली

शब्द सामर्थ्य -011



पुलिसकर्मी के पुत्र को बुलाकर हमलावरों ने किया चाकू से वार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी के बेटे टिकेश्वर यादव (25 वर्ष) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे घायल कर दिया गया। बदमाशों ने पहले युवक को फोन कर कातुलबोर्ड के मैदान में बुलाया। यहां आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

हमले में टिकेश्वर को पेट, सिर और छाती में गहरी चोटें आई हैं। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल टिकेश्वर यादव के पिता भोलानाथ साहू पुलिस विभाग में हैं और सीएएफ बटालियन में पदस्थ हैं। वे आईजी की वाहन चलाते हैं।

मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी नवीन राजपूत, मोहन नगर पुलिस टीम और सीएसपी दुर्ग सिटी हर्षित मेहर अस्पताल पहुंचे और घायल का हाल जाना।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी हमलावरों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया जाएगा। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

हिस्ट्रीशीटर बेच रहा था नशीली टेबलेट, पुलिस ने दबोचा, 1.20 लाख की नशीली टेबलेट जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना पुलिस ने आर्य नगर से हिस्ट्रीशीटर आरोपी शंकर नगर दुर्ग निवासी प्रांजल यादव (25) को 1.20 लाख रुपए की 300 प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आर्य नगर स्थित पुरानी टंकी के पास एक युवक अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेच रहा था।

आर्य नगर पुरानी टंकी के पास संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। भागते समय वह नाली में गिर गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट 'आरलाम 0.5' की 300 गोलियां बरामद हुईं। इन गोलियों की कुल कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास से 300 रुपये नगद भी मिले।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 और 67 के तहत नोटिस देकर वैधानिक प्रक्रिया पूरी की। आरोपी ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। बरामद नशीली दवाओं का वजन करीब 55 ग्राम पाया गया, जिसे मौके पर ही सीलबंद कर जब्त कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्रांजल यादव मोहन नगर थाना का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पहले से ही दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। लंबे समय से नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में सक्रिय था और क्षेत्र में युवाओं को इसकी आपूर्ति कर रहा था।

न्यूज गैलरी

मुख्य अभियंता खंडेलवाल कार्यपालक निदेशक पद पर पदोन्नत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल को कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) के पद पर पदोन्नत किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर जारी आदेश के तहत खंडेलवाल अब कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) के रूप में अपनी सेवाएँ देंगे। खंडेलवाल सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं और पदोन्नति के बाद भी वे दुर्ग में ही इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इस आदेश का दुर्ग क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया है।

आज से बीएसपी कर्मियों के लिए ईपीएफ नॉन-रिफंडेबल लोन की प्रक्रिया ऑनलाइन

भिलाई। बीएसपी कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से नॉन-रिफंडेबल लोन लेने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। यह ऑनलाइन व्यवस्था 18 अप्रैल से प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी। नई ऑनलाइन प्रणाली को इस तरह से तैयार किया गया है कि लोन की पात्रता को लेकर कर्मचारियों के मन में रहने वाले सभी संदेह और तकनीकी संशयों का स्वतः निराकरण हो जाएगा। कर्मचारियों को आवेदन के समय अपनी पात्रता की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी, जिससे कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी।

आंगनबाड़ी सहायिका के आवेदन 20 से

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 2 के अंतर्गत स्वीकृत पदों की पूर्ति हेतु 20 अप्रैल से 4 मई तक ई-भर्ती पोर्टल पर आंगनबाड़ी केन्द्र हथखोज-ब वार्ड क्रमांक 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 2 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

16 हितग्राहियों को पीएम आवासों का आवंटन

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरस्वती नगर और मां कर्मा कॉलोनाइजर्स बोरसी स्थित निर्मित आवासों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। सरस्वती नगर के 9 और बोरसी के 7 आवासों का आवंटन किया गया। महापौर अलका बाघमार और अधिकारियों, कर्मचारियों और हितग्राहियों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर आवासों का आवंटन किया गया। सीनियर सिटीजन हितग्राहियों को प्राथमिकता देते हुए ग्राउंड फ्लोर के आवास प्रदान किए गए। हितग्राहियों ने स्वयं पर्ची निकालकर अपने आवास का चयन किया। महापौर ने बताया कि संपूर्ण राशि जमा करने के बाद हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता संजय ठाकुर, संभव जैन, टिकेश्वर साहू, दीपक संचेती, सचिन ताम्रकार, हिमांशु बेलेंद्र सहित निशा बालवे व निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

26 वर्षीय युवती की गला दबाकर हत्या

दुर्ग। सुभाष नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाली युवती यूनेश्वरी वर्मा (26) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। युवती की गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतका खैरागढ़ जिले के चिचोला की निवासी थी। युवती दुर्ग में पढ़ाई करने आई थी और वह अकेले रहती थी। पुलिस को मुखबिर के जरिए घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पदमनाभपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पता चला है कि अज्ञात आरोपी ने युवती का गला दबाकर उसकी हत्या की और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। सीएसपी हर्षित मेहर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम दोपहर 2 बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। शुरुआती जांच से ऐसा लग रहा है कि युवती की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी है। उनके दुर्ग पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को दोपहर 4 बजे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो सकेगी।

बेस की तराई नहीं, महापौर अलका ने पेवर ब्लॉक उखाड़कर दोबारा लगाने दिये निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित एसपी बंगले के पीछे चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान गंभीर खामियां पाए जाने पर महापौर ने नाराजगी जताई। खराब हिस्से को तत्काल उखाड़कर दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए। लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने मेजरिंग टेप से पेवर ब्लॉक की मोटाई, सड़क की लंबाई-चौड़ाई और बेस लेयर की जांच की। उप अभियंता हरिशंकर साहू को निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित फाइलें साथ में रखें। कार्य की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिये। महापौर ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान रोका जाएगा। संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। निर्माण में बेस, सीमेंट और पानी की तराई न होना गंभीर लापरवाही है। महापौर ने कहा कि आवश्यक होने पर पूरी सड़क को ठेकेदार के खर्च पर दोबारा बनवाया जाएगा। उन्होंने सोमवार तक संबंधित कार्य को पूरी तरह उखाड़कर नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने कहा।

वाटर एटीएम से मिल रहा स्वच्छ जल, बंद यूनिट भी जल्द होंगे चालू

शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम दुर्ग द्वारा शहर के 18 प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को किफायती दर पर शुद्ध पानी मिल रहा है। अधिकांश वाटर एटीएम चालू हैं। मालवीय नगर, महिला समृद्धि बाजार, सिकोला मार्केट व नई सब्जी मंडी में तकनीकी कारणों से अस्थायी रूप से वाटर एटीएम बंद हैं। सभी एटीएम से शीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। मालवीय नगर में पार्षद की अनुशंसा के अनुसार स्थल परिवर्तन के बाद कार्य प्रगति पर है। महिला समृद्धि बाजार में शेड निर्माण कार्य जारी होने से पेयजल पाइपलाइन छतिग्रस्त होने के कारण पानी सप्लाई प्रभावित हुई, जिसे विभाग द्वारा दुरुस्त किया जा रहा है। वाटर एटीएम को शीघ्र चालू कर दिया जाएगा। नया सब्जी मंडी सिकोला में पंप और केबल चोरी व बोरवेल के जलस्तर में कमी के कारण एटीएम बंद हुआ था। इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, ताकि जल्द ही आम जनता को वाटर एटीएम की सुविधा मिल सके।

जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

■ **विशेष परिस्थितियों में ही मिलेगा अवकाश**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर व प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के निर्देश पर जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर नहीं जा सकेगा। छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग (नवा रायपुर) के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण और गणना 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में जनगणना 2027 राष्ट्रीय कार्य को सुचारू और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश लेने से पहले कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा। विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन करने पर ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश भी मान्य नहीं होगा और इसके लिए पुनः आवेदन कर कलेक्टर से अनुमोदन लेना आवश्यक किया गया है। सभी कार्यालय प्रमुखों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वे इन आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

दुर्ग/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 1 के अंतर्गत स्वीकृत पदों की पूर्ति हेतु 1 मई 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्र गांधी चौक, सुन्दर नगर कोहका और पुरेना-अ में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 1 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

मानवता की सेवा ही डॉ. आम्बेडकर और उनके संविधान की मूल भावना: मेश्राम

■ **परस्पर प्रेम ही बुद्ध और भारतीय संविधान के सिद्धांतों को करता है जीवंत - विनोद बंसोड़**

भिलाई/नवप्रदेश। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छ.ग. और चन्द्रमणि जनकल्याण विकास समिति तीन दर्शन मंदिर कैम्प 1 भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में डा. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भीम जयंती समारोह बुद्ध धम्म व संघ वंदना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। समारोह के आरंभ में अतिथियों द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डा. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के तैलचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। त्रिशरण पंचशील का पठन गायन किया गया। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छग द्वारा एम्स में उपचार करा रहे शांतिनगर निवासी कैंसर पीड़ित युवक को 20,500 रुपए की नगद राशि इलाज में सहयोग के लिये रश्मि भटनागर को प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुए दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफइंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद बंसोड ने कहा कि सन 1200 में ब्रिटेन के बने मौखिक संविधान और 1827 में बने अमेरिका के लिखित संविधान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण व मूल्यवान 1950 में डा. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर द्वारा लिखा गया भारत का संविधान है। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम ने कहा कि डा. बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा घोर विषमता के दौर में देश में समता लाने के ऐतिहासिक, अभूतपूर्व व सर्व समाज के लिए अनुकरणीय प्रयास किये गए। समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट मनोज मून प्रदेश उपाध्यक्ष, नरेन्द्र खोब्रागड़े प्रदेश महासचिव, राजू मेश्राम प्रदेश कोषाध्यक्ष, सुभाष बंसोडकर संचालक डा.आम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी, बीएल कुशवाहा चरोदा, अनिता मेश्राम अध्यक्ष चन्द्रमणि बुद्ध विहार समिति, गौतम खोब्रागड़े व मृत्युंजय भगत समाजसेवी ने भी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान पार्षद लक्ष्मी साहू, जोहन सिन्हा, सतनाम सिंह, संजय सिंह, अमित शर्मा, गीतिका मेश्राम, राज मेश्राम, भुवनेश्वर साहू, जयराज श्यामकुंवर उपस्थित रहे।

रुंगटा पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत

■ **यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा : संजय रुंगटा**

भिलाई/नवप्रदेश। सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में रुंगटा पब्लिक स्कूल के शत-प्रतिशत स्टूडेंट्स उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च शैक्षणिक मानकों को स्थापित किया है।

इस वर्ष कशिश खान (97.2 प्रतिशत), पलक अग्रवाल (96.8 प्रतिशत), आयुष चक्रवर्ती (94.6 प्रतिशत), शुभ भूतरा (93.4 प्रतिशत), स्वास्तिक साहू (92.2 प्रतिशत), एसके आफम (91.6 प्रतिशत), खुशी सिंगल (91 प्रतिशत) और आस्था साहू (90.2 प्रतिशत) ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र आयुष चक्रवर्ती ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की।

कक्षा दसवीं के अधिकांश छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान व इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी जैसे विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का फल है। विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण की सराहना की।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6 भिलाई ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय के 99.75 प्रतिशत स्टूडेंट्स उत्तीर्ण रहे। 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किए। 81 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 89 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए। 191 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से 79 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए।

कई छात्रों ने 95 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किए। निखिल पिल्लै (98 प्रतिशत), गौरव तिवारी (96 प्रतिशत), गौरव यादव (96 प्रतिशत), आलिशा सुरेश मैथ्यू (95 प्रतिशत), आयुषी यादव (95 प्रतिशत), अनुष्का कनोजिया (95 प्रतिशत), समृद्धि सिंह (95 प्रतिशत), शिफा मार्टिन (95 प्रतिशत) और आर्यन मौर्य (95 प्रतिशत) शामिल हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रबंधक बिशप एचजी एलेक्सियोस मार यूसेबियस, उपाध्यक्ष वेरी रेव. गीवार्गीस कोर एपिस्कोपा, संवाददाता सुरेश जेकोब, विद्यालय कोषाध्यक्ष और कार्यवाहक संवाददाता सीए रोशन वी कोशि और विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को सराहनीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

प्राचार्य एलिज़ाबेथ अनीता राजन, हेड मिस्ट्रेस सोमी सजीव, शैक्षणिक समन्वयक मिनू जेकोब थॉमस और पीपीडब्ल्यू प्रभारी एस. जीना ने भी विद्यार्थियों व शिक्षकों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

500 विद्यार्थियों की भागीदारी: सुरक्षा औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं, घर, सड़क और खेल के मैदानों में भी महत्वपूर्ण : सत्पथी

दो दशक बाद भिलाई इस्पात संयंत्र में स्कूल-स्तरीय सेफ्टी क्विज शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9 वीं और 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन दो दशक से अधिक समय के बाद दोबारा शुरू किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं देबदत्त सत्पथी, महाप्रबंधक प्रभारी सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग एसके अग्रवाल और महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दुबे और विशिष्ट अतिथि प्राचार्य सुमिता सरकार उपस्थित रहे।

सेफ्टी क्विज में लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अग्नि सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स, विद्युत सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने सुमधुर कोरस की प्रस्तुति दी। स्वागत गीत की प्रस्तुति विद्यार्थियों के साथ डॉ. सुधीर सिंह और स्वप्ना अवस्थी व्याख्याता द्वारा दी गई।

मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी ने कहा कि सुरक्षा केवल औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि घर, सड़क और खेल के मैदानों में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में सुरक्षा मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया और विद्यालय व आयोजन टीम के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) एसके अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा को केवल नियमों तक सीमित न रखते हुए इसे व्यक्तिगत आदत के रूप में विकसित करना आवश्यक है। विद्यालय, सड़क, घर और डिजिटल माध्यम जैसे चार प्रमुख परिवेशों में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को कॉरिडोर में न दौड़ने, प्रयोगशाला नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, बिजली व आग से सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने की सलाह दी।

प्राचार्य सुमिता सरकार ने कहा कि सुरक्षा को अक्सर किसी दुर्घटना के बाद ही गंभीरता से लिया जाता है, जबकि इसे निरंतर अभ्यास के माध्यम से जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। डिजिटल सुरक्षा पर बल देते हुए अज्ञात ऑनलाइन संपर्कों से जुड़े जोखिमों के प्रति विद्यार्थियों को सचेत किया।

कार्यक्रम का समन्वय सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू, उप-प्रबंधक अरिजीत रॉय, सहायक-प्रबंधक अखिल मिश्रा और जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट लक्ष्मी देवांगन ने किया। मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता आर. सिसिली दिनकर ने किया।

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में पोषक विद्यालय सम्पर्क अभियान

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण विस्तार गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिक्षेत्र के आठ शासकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, विविध पाठ्यक्रमों, करियर काउंसलिंग व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों की समग्र जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चयन करने के लिए प्रेरित किया और महाविद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सुविधाओं की जानकारी दी। एनईपी संयोजक सहायक प्राध्यापक नेहा कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित नवीन पाठ्यक्रमों, उनके प्रावधानों और लाभों की स्पष्ट जानकारी प्रदान की। डॉ. अमृता पाठक ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

औचक निरीक्षण में खुली खामियां, अनुपस्थित कार्यकर्ता पर कार्रवाई, व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश

छुईखदान/नवप्रदेश। विकासखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखने के लिए परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुटेलीखुर्द-01, सीताडबरी-01 एवं 02, उदान, दनिया, बीरनपुरकला-02 तथा धोधा-01 एवं 02 सहित कई केंद्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान कुटेलीखुर्द आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए जाने पर परियोजना अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने और एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश पर्यवेक्षक को दिए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न दोहराने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

परियोजना अधिकारी ने विभिन्न केंद्रों में बच्चों को प्रदान किए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई, केंद्रों के रखरखाव तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी केंद्रों में बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक दवाइयां, प्राथमिक उपचार सामग्री तथा हृऋ पैकेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके।

इसके अलावा, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (श्वष्टष्टश्व) गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों के बौद्धिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए नियमित रूप से शिक्षण गतिविधियां आयोजित की जाएं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। परियोजना अधिकारी ने हितग्राहियों के आभा आईडी एवं अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा पात्र हितग्राहियों का समयबद्ध पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान केंद्रों में उपस्थित माताओं एवं महिलाओं से चर्चा कर उन्हें आंगनबाड़ी सेवाओं का नियमित लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

निरीक्षण के अवसर पर महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली गई। उपस्थित महिलाओं को ई-केवाईसी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाते हुए समय पर इसे पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे शासन की योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

बोलपुर में योगी आदित्यनाथ की सभा विधायक ने किया भाजपा का प्रचार

महासमुंद/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने प्रभार क्षेत्र बोलपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सक्रिय प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

गुरुवार को बोलपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा आयोजित हुई, जिसमें विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी बतौर विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने आमजन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को भयमुक्त बनाने और हिंसा व अपराध पर नियंत्रण के लिए भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि भाजपा प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएं।

वहीं, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार बोलपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश को विकास की राह से दूर कर दिया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ी है।

मुख्य सड़कों पर पुलिस की सख्ती, गांवों के अंदरूनी मार्ग से हो रही तस्करी

दारगांव में हादसा: लकड़ी से लदी गाड़ी घर में घुसी, अवैध कटाई पर उठे सवाल

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दारगांव में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां लकड़ी से लदी एक गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर एक ग्रामीण के घर में जा घुसी। घटना में घर को काफी नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस घर में गाड़ी घुसी वह बहल राम साहू का बताया जा रहा है। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

अवैध लकड़ी कटाई का मामला फिर गरमाया

इस घटना के बाद क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन का मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दारगांव मार्ग के जरिए लंबे समय से अवैध लकड़ी की ढुलाई की जा रही है।

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी कारण अवैध कटाई और परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है।

प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

बताया जा रहा है कि मुख्य सड़कों पर पुलिस की सख्ती के कारण तस्कर अब अंदरूनी और ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे ऐसे हादसों की संभावना बढ़ गई है।

पांच करोड़ से अधिक के गांजे का किया नष्टीकरण

■ 18 मामलों से जब्त मादक पदार्थ नष्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए महासमुंद पुलिस ने बड़ी मात्रा में जब्त गांजे का नष्टीकरण किया। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आज बालाजी प्लांट, बेलसोंडा में जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में यह कार्रवाई संपन्न हुई। नष्टीकरण के दौरान जिले के विभिन्न थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के 18 प्रकरणों में जब्त कुल 999.200 किलोग्राम (09 क्विंटल 99 किलो 200 ग्राम) गांजा नष्ट किया गया। इस जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 5 करोड़ 04 लाख 23 हजार 300 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय और जिला आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में की गई। नष्टीकरण से पहले सभी जब्त सामग्री का विधिवत भौतिक सत्यापन किया गया।

इन थानों के प्रकरण शामिल

इस नष्टीकरण में शामिल मामलों में थाना कोमाखान के 7, बसना के 7, सांकरा के 1, सिंघोड़ा के 2 और पिथौरा के 1 प्रकरण शामिल हैं। इनमें वर्ष 2025 के 2 प्रकरण (थाना सिंघोड़ा) तथा शेष 16 प्रकरण वर्ष 2026 के हैं, जो कोमाखान, बसना, सांकरा और पिथौरा थानों से संबंधित हैं।

न्यूज गैलरी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का 10वीं परीक्षा परिणाम शानदार, छात्राओं का दबदबा

महासमुंद/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 15 अप्रैल को जारी किए गए इस परिणाम में विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस वर्ष की परीक्षा में कीर्ति ठाकुर ने 500 में से 405 अंक अर्जित कर 81 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनीषा ध्रुव ने 397 अंक (79.4 प्रतिशत) हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि कामना ध्रुव 391 अंक (78.2 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा ऐश्वर्या और जाग्रति ठाकुर ने क्रमशः 76.6 और 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष पांच में स्थान बनाया।

विद्यालय में इस वर्ष कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 48 विद्यार्थी सफल रहे। चार विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट प्राप्त हुआ है, जबकि एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा।

विषयवार प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने विशेष रूप से हिंदी और सामाजिक विज्ञान में उत्कृष्ट परिणाम दिए। हिंदी विषय में अधिकतम 92 अंक प्राप्त किए गए, वहीं सामाजिक विज्ञान में कामना ध्रुव ने सर्वाधिक 95 अंक हासिल किए।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही कम्पार्टमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग सत्र आयोजित करने की भी जानकारी दी गई, ताकि वे आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

सीबीएसई कक्षा 10वीं परिणाम में प्रतिशत के मामले में पूरे धमधा क्षेत्र में स्काई इंटरनेशनल स्कूल सबसे आगे

धमधा/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (छ्वक्चस्श्व) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में स्काई इंटरनेशनल स्कूल, धमधा ने इस वर्ष ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए पूरे धमधा क्षेत्र में प्रतिशत के मामले में सबसे आगे रहकर बाज़ी मार ली है।इस वर्ष विद्यालय ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है, जहां टॉप 3 के सभी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। नमन कुमार साहू ने 92.4त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रखर अग्रवाल ने 90.2त्न अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, वाशु चंद्र वर्मा ने 90त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि पूरे धमधा क्षेत्र में ऐसा प्रदर्शन किसी अन्य विद्यालय द्वारा देखने को नहीं मिला, जिससे स्काई इंटरनेशनल स्कूल ने प्रतिशत के मामले में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया। वहीं, विद्यालय के निर्देशक श्री संकेत जैन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर मार्गदर्शन ही इस सफलता का मुख्य आधार है। विद्यालय की संरक्षिका श्रीमती सुनीता जैन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है ।

औद्योगिक आपदा से निपटने जिले में तैयारियां

■ 21 को टेबल टॉप एक्सरसाइज, 23 को मॉक ड्रिल आयोजित होगी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में औद्योगिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 21 अप्रैल 2026 को सुबह 09:30 बजे एनआईसी, महासमुंद में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की रणनीतियों और समन्वय प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

पर्यवेक्षक एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय एवं एसडीओ(पी) चुन्नू तिगा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव और जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी दिनेश कुमार रावटे को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

23 को बेलसोंडा में मॉक एक्सरसाइज

इसके बाद 23 अप्रैल 2026 को ग्राम बेलसोंडा स्थित राइस मिल में मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आपदा की काल्पनिक स्थिति बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा।

नए पैक्स समितियों के शुभारंभ से किसानों को मिलेगी नई ताकत

सहकारिता से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

छुईखदान/नवप्रदेश। दिनांक 15 अप्रैल 2026 को सहकारिता से समृद्धि योजना के अंतर्गत प्रदेश में 515 तथा जिले में 28 नई पैक्स समितियों का शुभारंभ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य किसानों को सहकारिता के माध्यम से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत नवीन कोर्राय सेवा सहकारी समिति मर्यादित का शुभारंभ भी गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुझे सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आनंद सिन्हा, जिला मंत्री ज्ञान सिंह यादव, मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, मंडल महामंत्री रोशन चंद्राकर, मंडल मंत्री श्रीमती किरण वैष्णव, मीडिया सह-प्रभारी संदीप महोबिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उत्तम जंघेल, दिनेश वैष्णव, मंडी अध्यक्ष झूरानदी, कमलेश जंघेल, उद्योजंघेल, अत्री जंघेल सहित सोसाइटी के कर्मचारीगण, क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों में पवन वर्मा, गोकुल वर्मा, मोहित जंघेल, नारायण जंघेल सहित अनेक कृषक इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि भाजपा सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है और किसानों की समृद्धि ही प्रदेश के विकास का आधार है। सरकार का संकल्प है कि देश और प्रदेश का किसान आत्मनिर्भर बने तथा उसे सभी आवश्यक संसाधन सहज रूप से उपलब्ध हों।

कार में अवैध शराब का परिवहन एक गिरफ्तार, दूसरा हुआ फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने अवैध रूप से शराब परिवहन के खिलाफकार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गया। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान गार्डन चौक के पास एक ब्रेजा कार (क्रमांक सीजी 06 एचबी 9500) का चालक पुलिस वाहन को देखकर देवार बस्ती की ओर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने वाहन का पीछा किया। इस दौरान चालक ने कार को पिथौरा गौशाला के पास खड़ी कर दी और मौके से फरार हो गया।

कार में मौजूद दूसरे व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम संतोष यादव (46), निवासी वार्ड-12 रानीसागर पारा पिथौरा बताया। वहीं फरार आरोपी का नाम वाहन मालिक कमलजीत उर्फ प्रिंस सलूजा बताया गया।

पिटीयाझर सहकारी समिति में 6200 रुपए प्रति क्विंटल बिकी सरसों, किसानों में उत्साह

महासमुंद/नवप्रदेश। पिटियाझर सहकारी समिति में सरसों की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है। ग्राम घोड़ारी निवासी किसान खोरबाहर निषाद ने अपने 1.5 एकड़ खेत में सरसों की खेती की थी, जिसमें उन्हें कुल 7 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी पूरी उपज को पिटियाझर सहकारी समिति में 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचकर बेहतर लाभ अर्जित किया। किसान खोरबाहर निषाद ने बताया कि उचित मूल्य मिलने से उन्हें खेती के प्रति और अधिक प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने अन्य किसानों से भी सरसों की खेती करने और सहकारी समिति के माध्यम से अपनी उपज बेचने की अपील की।

समिति द्वारा जानकारी दी गई है कि सरसों विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान निर्धारित तिथि तक पंजीयन कराकर अपनी उपज समिति में बेच सकते हैं और शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर ÷जुगनू÷ चंद्राकर भी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और सहकारी समितियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कुल मिलाकर, पिटियाझर सहकारी समिति में सरसों की अच्छी कीमत मिलने से क्षेत्र के किसानों में खेती के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है और वे अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

शिक्षा: सुशासन तिहार को लेकर तैयारियां तेज, जाति प्रमाण पत्र व पाठ्यपुस्तक वितरण पर विशेष फोकस

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक: योजनाओं की प्रगति पर जोर

■ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे द्वारा जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंडवार प्रगति की जानकारी ली और अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी सुशासन तिहार शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, इसलिए शिक्षा विभाग से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही डीबीटी (डीबीटी) से जुड़े निष्क्रिय एवं इन ऑपरेटिव खातों की समीक्षा करते हुए उन्हें तत्काल सक्रिय करने तथा शेष राशि को नियमानुसार शासन के पक्ष में जमा करने के निर्देश दिए। इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने की बात भी कही गई।

नवीन शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय पर पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करें और गणवेश वितरण में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखें।

इसके अलावा, विकासखंड स्तर पर संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में प्रशिक्षण पूर्ण करें, जिससे उनकी कार्यक्षमता और दक्षता में वृद्धि हो सके।

उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने और जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक एन.के. सिन्हा, एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, बीईओ महासमुंद श्री लीलाधर सिन्हा, एबीईओ बागबाहरा रामता मन्नाडे, लोकेश्वर कंवर, पूर्णानंद मिश्रा एवं बीईओ टी.सी. पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रमिक सम्मेलन 24 को, पंजीयन और नवीनीकरण होगा

बालोद। जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल को किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि बालाजी रिसार्ट, तांदुला पुल के समीप 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 6 हजार श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को योजना अंतर्गत चेक वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिकों के लिए भोजन व पेयजल की व्यवस्था की गई है।

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण : ठेकवाडीह में मिली गोंड शासकों की वंशावली

■ ब्रिटिशकालीन दस्तावेज भी मिले, बालोद जिले में सर्वे का कार्य निरंतर जारी

बालोद / नवप्रदेश। ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ठेकवाडीह में सर्वेक्षण के दौरान डॉ. प्रकाश पतंगीवार के पास अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज मिले। डिप्टी कलेक्टर व सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान ठेकवाडीह निवासी डॉ. प्रकाश पतंगीवार ने प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां और दस्तावेज प्रस्तुत किए। इन दस्तावेजों में गोंड शासकों की विस्तृत वंशावली से लेकर ब्रिटिश शासन काल के महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढियां अपने समृद्ध इतिहास से रूबरू हो सकें।

जनगणना कार्य के दौरान नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

बालोद / नवप्रदेश।। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जनगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू और समयबद्ध रूप से संपन्न कराने जिले में जनगणना कार्य के लिए नियोजित सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य पूर्ण करने हेतु 1 मई से 30 मई तक समय-सीमा निर्धारित है। जिले में जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्वानुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुति के बाद अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

जिले में नई 26 सेवा सहकारी समितियों में होगी धान खरीदी

खैरागढ़ /नवप्रदेश। । जिले में पिछले सत्र से स्वीकृत 26 नई सेवा सहकारी समितियां बुधवार से अस्तित्व में आ गई। गुरूवार को प्रदेश भर में नवगठित 515 सेवा सहकारी समितियों का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुवली किया। खैरागढ़ जिले में 26 नई समितियो के गठन और शुभारंभ के बाद जिले में सेवा सहकारी समितियों की संख्या 39 से बढ़कर 65 हो गई है। इन नई समितियों में आने वाले धान खरीदी सीजन में पंजीकृत किसानों की धान खरीदी की जाएगी।

अतिक्रमण कार्रवाई में भेदभाव को लेकर पालिका का घेराव प्रदर्शनकारियों का अध्यक्ष के साथ तीखी बहस और विवाद

■ एक हफ्ते का अल्टीमेटम, पूर्व से तय नक्शे के आधार पर कार्यवाही की मांग

■ पालिका अध्यक्ष बोले - जिला प्रशासन के आदेश पर हो रही कार्रवाई, हम जिम्मेदार नहीं

बालोद/नवप्रदेश। सदर बाजार बालोद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर भेदभाव के आरोपों के बीच शुरू हुआ विवाद अब बड़े आंदोलन में बदलता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा नगर पालिका का घेराव किया गया, जो देर तक जारी रहा और मौके पर गहमागहमी का माहौल बना रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा सदर बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समान रूप से नहीं की जा रही। इसी कारण प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका प्रशासन से जवाब मांगते हुए घेराव किया। घेराव के दौरान जमकर हंगामा हुआ।

घेराव के दौरान प्रदर्शनकारी नगर पालिका अध्यक्ष को बाहर बुलाकर जवाब देने की मांग पर अड़े रहे। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नपा अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। व्यावहारिक रूप से जो संभव है, वही किया जा रहा है और इसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रदर्शन के दौरान क्रांति सेना के प्रदेश सचिव शशि भूषण चंद्राकर, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा निषाद, उपाध्यक्ष दानी साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए कड़ा विरोध जताया।

जिला बंद की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को एक हफ्ते के भीतर सदर बाजार को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि तय समय में कार्रवाई न होने पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने और बालोद जिला बंद करने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

पुलिस रही अलर्ट, सीएमओ की समझाइश बेअसर

मौके पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सीएमओ द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश भी की गई, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। फिलहाल मामला शांत हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने जिस तरह से चेतावनी दी गई है, उससे आने वाले दिनों में विवाद और उग्र होने की संभावना जताई जा रही है।

33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर: पांडेय

कवर्धा/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडेय ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि यह कानून आधी आबादी को नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका देने, स्वतंत्रता प्रदान करने और राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। लंबे संघर्ष के बाद यह बिल एक ऐसे ऐतिहासिक

मोड़ पर आया है, जहां देश की आधी आबादी को केवल वोट देने वाली नहीं, बल्कि कानून बनाने वाली शक्ति के रूप में देख रहे हैं। यह कानून केवल सीट आरक्षित नहीं करेगा, बल्कि यह नारी के आत्मसम्मान और घर से बाहर निकलकर देश की नियति तय करने के जज्बे को सलाम करेगा। 33 प्रतिशत आरक्षण का अर्थ है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अब महिलाओं की आवाज सशक्त होगी। जब महिलाएं नीति निर्धारण में शामिल होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे प्राथमिकताओं में होंगे। सांसद पांडेय ने बताया कि यह बिल सुनिश्चित करेगा कि बेटियां केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित न रहें, बल्कि वे देश की संसद में खड़े होकर देश का भविष्य लिखें। यह उन सभी के लिए एक नई शुरुआत है जो अब तक राजनीतिक रूप से हाशिए पर थीं। यह सिर्फ 33 प्रतिशत सीटों का सवाल नहीं है, यह 50 प्रतिशत जनसंख्या को 100 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का हिस्सा बनाने की शुरुआत है।

विपक्ष कर रहा महिलाओं को मिलने वाले अधिकारों का विरोध : महापौर मधुसूदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दावा किया है कि देश के संसदीय इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण विधेयकों में से एक नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, देश की आधी आबादी की महिलाओं के लिए एक क्रांतिकारी, युगांतरकारी और व्यापक परिवर्तनकारी साबित होने जा रहा है। यह विधेयक महिलाओं के आत्मसम्मान और उनके आत्मविश्वास में आशातीत वृद्धि करने जा रहा है। यह भाजपा के दृढ़ इच्छाशक्ति और नारी शक्ति के प्रति संवेदनशील विचार का परिणाम है। पूर्व सांसद यादव ने कहा है कि लोकसभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुई चर्चा के दौरान देश ने एक बार फिर देखा कि वास्तव में महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ कौन खड़ा है और कौन केवल राजनीतिक कारणों से इसका विरोध कर रहा है। यादव ने कहा कि आज जब भाजपा के अदम्य इच्छाशक्ति के कारण यह बिल सदन में प्रस्तुत हुआ है तो विभिन्न आरोप लगाकर विपक्षी नेता बिल के विरोध में खड़े हो गए। विपक्ष महिला विधेयक के विरोध में नहीं, बल्कि महिलाओं को मिल रहे अधिकारों के विरोध में एकजुट हुए हैं। विधेयक पर वोटिंग के दौरान समर्थन करने वाले सांसदों और विरोध करने वाले विपक्षी

सांसदों को याद रखना भी आवश्यक होगा। बिना किसी विरोध के 100 प्रतिशत समर्थन से बिल पारित नहीं होता है, तो विधेयक का विरोध करने वाले सांसदो और राजनैतिक पार्टियों का महिला विरोधी चरित्र देश के सामने उजागर होगा। मधुसूदन यादव ने कहा कि विपक्ष का रवैया स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वे महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी देने के पक्ष में नहीं हैं।

नाम-परिवर्तन

मैं मोनू कुमार पिता श्री घुरहू प्रसाद उम्र 36 वर्ष, निवासी क्वार्टर नंबर 8 डी, सड़क नंबर 79, सेक्टर 6 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र वैभव कुमार प्रसाद (VAIBHAV KUMAR PRASAD) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर क्वार्टर नंबर 8 डी, सड़क नंबर 79, सेक्टर 6 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम वैभव कुमार प्रसाद (VAIBHAV KUMAR PRASAD) (पुराना नाम) से बदल कर वैभव कुमार (VAIBHAV KUMAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
मोनू कुमार पिता श्री घुरहू प्रसाद
निवासी क्वार्टर नंबर 8 डी, सड़क नंबर 79, सेक्टर 6 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202604101600028/
विषय: अ-6अ/ सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

चरोदा प.ह.न. 00009(396/144(0.0150 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - सीमा गजभिये/ अनावेदक पक्षकार- शोभा गजभिये

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा गजभिये पति श्री सुनील कुमार गजभिये निवासी स्वप्निल भवन नेहरू नगर भिलाई 03 द्वारा स्वयं की हक की ग्राम चरोदा प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. चरोदा तहसील-भिलाई 03 जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 396/144 रकबा 0.015 हे. भूमि पर स्वयं के नाम के स्थान पर शोभा राजभिये पिता सुनील कुमार गजभिये का नाम दर्ज हो जाने के कारण उपरोक्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से लिखित रूप नियत दिनांक 04.05.2026 तक इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2026 को जारी किया जाता है ।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430110400011

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी रंभा निरमला, पुष्पा, डिलेश्वरी पिस. हरिलाल पिता/पति आशो, असिन, सोना पिता तोरणलाल पता डुण्डेरा, पवन कुमार पिता जेठू पिता/पति नरेन्द्र कुमार पिसू खीरा पता डुण्डेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 308/2(0.2300), 359/2(0.0300), 1026/2(0.1700), 1227/2(0.2400), 1227/5(0.0500), 1471/2(0.3700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पुष्पा पिता/पति हरिलाल पता डुण्डेरा, राजेश साहू पिता/पति रामअवतार साहू पता वार्ड 27 मोवा सड्डू जिला रायपुर, असिन पिता/पति तोरणलाल पता डुण्डेरा, नरेन्द्र कुमार पिता/पति सुखीराम पता डुण्डेरा, डिलेश्वरी पिता/पति हरिलाल पता डुण्डेरा, रंभा पिता/पति हरिलाल पता डुण्डेरा, सोना पिता/पति तोरणलाल पता डुण्डेरा, यशवंत कुमार साहू पिता/पति पवन कुमार साहू पता अवधपुरी कालोनी से-2 सुंदर नगर रायपुर, आशो पिता/पति तोरणलाल पता डुण्डेरा, लता देवी साहू पिता/पति पवन कुमार साहू पता अवधपुरी कालोनी से-2 सुंदर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430107400066

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी आ. राजाराव पिता/पति आ. चैन्दैया पता भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 61/132(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आर. कुमारी पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग, आर. ईश्वर राव रेड्डी पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग, पी. ललिता पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग, त्रिलोका ज्योति पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग, आर. लक्ष्मीदेवी पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग, जी.उमा पिता/पति स्व. आर. राजाराव पता सिकोलाभाठा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202604103800004/62
/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक धर्मेन्द्र कुमार ताम्रकार आ. स्व. प्रहलाद कुमार ताम्रकार एवं अन्य निवासी शिक्षक नगर दुर्ग की ओर से आम मुख्तयार राजेन्द्र कुमार ताम्रकार पिता स्व. पोशागीलाल ताम्रकार निवासी तमेरपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार नजूल स्थित भूमि शीट क. 29सी, भूखण्ड क. 243, रकबा 119 वर्गमीटर एवं शीट क. 30सी, भूखण्ड क. 246, रकबा 0.75 वर्गमीटर भूमि राजेन्द्र कुमार पिता स्व. पोशागीलाल एवं अन्य 09 के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार रामप्यारी ताम्रकार की मृत्यु दिनांक 13.03.2025 को हो चुकी है, पति प्रहलाद ताम्रकार की मृत्यु 27.05.2009 को हो चुकी है। उनके वारिसान पुत्र-पुत्री धर्मेन्द्र कुमार व श्रीमती नीना ताम्रकार है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा मृतक सहधारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए शेष सहधारकों का नाम यथावत रखने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.04.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं संतोष कुमार वर्मा (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र राम रतन वर्मा निवास ग्राम अण्डा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं :- मैं ग्राम अण्डा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरा पुराना नाम संतोष कुमार वर्मा है और मैं अपना नाम बदलकर संतोष वर्मा (SANTOSH VERMA) (नया नाम) करवाना चाहता हूं । मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं कि उसके लिऐ मैं पर्णतः स्वयं जिमेदार रहूंगा। मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हू तथा सक्षम प्राधिकारी 610 के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हू।

शपथकर्ता
संतोष कुमार वर्मा
सुपुत्र राम रतन वर्मा
निवास ग्राम अण्डा
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं उषा बाई यादव (USHA BAI YADAV) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नी गोपाल यादव, निवासी मकान नं. 116, वार्ड नं.-03, ग्राम व पो. चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम उषा यादव (USHA YADAV) (पुराना नाम) से बदल कर उषा बाई यादव (USHA BAI YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
उषा बाई यादव
पत्नी गोपाल यादव,
निवासी मकान नं. 116, वार्ड नं.-03, ग्राम व पो. चंदखुरी
तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.2026041007100022
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार बंजारे अन्य पिता स्व. बालाराम बंजारे निवासी आशीष नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 406/53 रकबा 0.03 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता बालाराम बंजारे आ. हरीराम बंजारे के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 06.06.2022 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202603101000156
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202603101000156/ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक संजय मल्होत्रा आ. ओ.पी. मल्होत्रा निवासी सर्वे सत्यम अपार्टमेंट दिल्ली द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 8197/19 रकबा 0.0600 हे. है। जो भूमिस्वामी ओ.पी. मल्होत्रा आ. रुपलाल मल्होत्रा के नाम पर दर्ज है । जिसमें भूमिस्वामी ओ.पी. मल्होत्रा की मृत्यु दिनांक 10.01.1998 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.04.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700046
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कमला बाई देवांगन पति स्व. सीताराम देवांगन निवासी म.नं.-124, यादव छात्रावास के सामने, पचरीपारा वार्ड कं.-28 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1845 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/14 रकबा 0.0170 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदिका के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202603101000162
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202603101000162/ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक अफरोज खान आ. मोहम्मद ईस्लाम खान निवासी कोहका तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 4265/3 रकबा 0.0150 हे. है। जो भूमिस्वामी मोहम्मद ईस्लाम खान आ. मोहम्मद ईसा खान के नाम पर दर्ज है । जिसमें भूमिस्वामी मोहम्मद ईस्लाम खान की मृत्यु दिनांक 24.05.2025 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.04.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700044
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हलधर राम साहू पिता गंगाराम साहू निवासी म.नं.-151, सड़क कं.-04, विवेकानंद नगर, वार्ड कं.-53 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1980 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/12 रकबा 0.0180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदक के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700047
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती बाला चौहान पति नटवरलाल चौहान निवासी म.नं.-314, गुजराती धर्मशाला के बाजू में वार्ड कं. 08 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1935 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/5 रकबा 0.0180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदिका के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700041
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ऋषि कुमार साहू पिता मेखूराम बघेल निवासी ई.डब्ल्यू.एस. 645, वैशाली नगर वार्ड क्रं. 10, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1890 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/13 रकबा 0.0170 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदक के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं पोषण लाल साहू (POSHAN LAL SAHU) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र रमेषर सिंग, निवासी मकान नं. 181, वार्ड नं.-12, ग्राम कुटेलाभाठा पो. जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम पोषण लाल साहू (POSHAN LAL SAHU) (पुराना नाम) से बदल कर पोषण लाल (POSHAN LAL) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
पोषण लाल साहू
सुपुत्र रमेषर सिंग,
निवासी मकान नं. 181, वार्ड नं.-12, ग्राम कुटेलाभाठा पो. जेवरा सिरसा
तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202604101200016
/अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सरोज यादव पिता/पति स्व. चुरामन यादव वगै निवासी निकुम तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम निकुम तहसील व जिला दुर्ग स्थित दर्ज भूमि खसरा 826/12, 52/1, 645/1, 645/3 रकबा कुल. 0.88 हे. भूमि शामिलात रूप से दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं ए.रम्या श्री (A.RAMYA SHREE) पिता श्री ए. प्रेम किरण (A.PREM KIRAN) उम्र 19 वर्ष, पता-एम.आई.जी.01/1020, हुडको भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैं अपना पुराना नाम ए. रम्या श्री (A.RAMYA SHREE) पिता श्री ए. प्रेम किरण (A.PREM KIRAN) उम्र 19 वर्ष, पता-एम.आई.जी.01/1020, हुडको भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) को बदलकर नया नाम आवुलमन्दा रम्या श्री (AVULAMANDA RAMYA SHREE) पिता श्री आवुलमन्दा प्रेम किरण (AVULAMANDA PREM KIRAN) रख लिया है।

रोहित देवांगन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मो. 9300602516

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700045
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक वेद कुमार साहू पिता सेवाराम साहू निवासी क्वा.नं. 4/जे, सड़क नं. 38, सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1980 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को क्रय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/3 रकबा 0.0180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदक के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700048
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनहरण साहू पिता डेरहा राम साहू निवासी एल.आई.जी.एस./172 नई बोरसी कालोनी, वार्ड कं.-50 बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1980 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/12 रकबा 0.0180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदक के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700042
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुष्यंत कुमार साहू पिता स्व. कार्तिक राम साहू निवासी म.नं.-217, ग्राम बासिन, पो. करंजा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1890 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को कय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/10 रकबा 0.0170 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदक के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700043
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका मीना देवांगन पिता स्व. सीताराम देवांगन निवासी म.नं.-124, यादव छात्रावास के सामने, पचरीपारा वार्ड कं. 28 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 244/2 का टुकड़ा रकबा 1575 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 17/01/2011 को क्रय किया गया है। प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर खसरा नं. 244/18 रकबा 0.0140 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। विक्रेता रामरतन पिता लतेल की मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को हो चुकी है, जिसके फौती नामांतरण पश्चात अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के पिता रामरतन पिता लतेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र भूलवश खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार पत्र के अनुसूची ÷अ÷ में दर्शाया गया है जिसे अनावेदकगण द्वारा सुधार कर सही खसरा नं. 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) सुधार पत्र के अनुसूची ÷ब÷ में दर्शाया गया है। उक्त सुधार पत्र का पंजीयन अनावेदकगण एवं आवेदिका के मध्य दिनांक 23/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित किया गया है। जिसकी सुधार पत्र की छायाप्रति संलग्न है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर खसरा नं. 244/2 का टुकड़ा के स्थान में 245/1 (शा.ख.नं. 246/1) दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.2026041007100070
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर खान अन्य 01 पिता फजलू रहमान खान निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 689/749, 687/752 रकबा 0.022, 0.021 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयत प्राप्तकर्ता अजरा अली आ./पति मो. अली के द्वारा आवेदकगणे के पक्ष में दिनांक 16.03.2026 को अपंजीकृत हकनामा निष्पादित किया गया है। अपंजीकृत हकनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

सैकड़ों महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में रचा इतिहास

गरियाबंद में गूंजा नारी शक्ति का संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के निर्देशानुसार और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती बिंदु सिन्हा के नेतृत्व में गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य एवं ऐतिहासिक ÷नारी शक्ति सम्मेलन÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती रश्मि शर्मा उपस्थित रहीं। विशिष्ट रूप से श्रीमती माधुरी साहू (प्रदेश सह-समन्वयक), अंजु नायक (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य), श्रीमती रेखा सोनकर (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य), लालिमा ठाकुर (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती मोना नेताम (जनपद अध्यक्ष), जिलाध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर एवं पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन भारती साहू जिला महामंत्री द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ÷हस्ताक्षर दीवार÷ से हुई, जहाँ सैकड़ों महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अधिनियम के महत्व, महिला सशक्तिकरण में इसकी भूमिका एवं इसके दूरगामी सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सम्मेलन के दौरान महिलाओं ने 9667173333 पर मिस्ड कॉल कर एवं मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही, आमजन में जागरूकता बढ़ाने हेतु भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर में विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक ÷सुआ नृत्य÷ प्रस्तुत कर अपनी खुशी एवं उत्साह का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये महिलाओ स्मृति चिन्ह भेंट सम्मान किया गया 7

गरियाबंद जिले के समस्त क्षेत्रो आई सैकड़ों महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जनसमर्थन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

मकान सूचीकरण 30 मई और स्व गणना 30 अप्रैल तक किया जाएगा पूर्ण

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत का जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य राज्य के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी 1 से 30 मई 2026 तक तथा स्व-गणना का कार्य 30 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री बी.एस. उइके ने जिले में जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 1 से 30 मई तक अवकाश प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में कोई भी अवकाश सामान्य रूप से स्वीकृत नहीं किया जाएगा। केवल विशेष परिस्थितियों में स्पष्ट एवं उचित कारण प्रस्तुत करने पर ही अवकाश स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। जनगणना महत्वपूर्ण कार्य है जिसे समय-सीमा में पूरा किया जाना आवश्यक है।

कलेक्टर ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने बाल विवाह के स्थायी रोकथाम के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु काननून अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह करने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में भी वृद्धि होती है एवं बाल विवाह बालकों के सर्वोत्तम हित में नहीं है। अतः इसकी पूर्णतः रोकथाम किया जाना आवश्यक है। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावना को देखते हुए सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के कोटवार द्वारा बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह के कानूनन अपराध होने के संबंध में 19 अप्रैल तक 02 से 03 दिवस तक मुनादी करने के निर्देश दिए है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आई.टी.आई., पॉलिटेक्नीक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को कहा गया है कि शिक्षा सत्र वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाइन की जा रही है। संस्थाओं में पूर्व से लंबित प्रपोजल लॉक कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2026, शासकीय संस्था द्वारा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2026, जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

ग्रामीण यातायात और अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया जिले की 7 नई सड़क का वर्चुअल भूमिपूजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आज रणजीता स्टेडियम जशपुर से प्रदेश स्तरीय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 04 के कार्यो का वर्चुअल रूप में भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के स्वीकृत 774 सड़कों जिसकी कुल लंबाई 2426.875 किलोमीटर और लागत 2 हजार 225 करोड़ 44 लाख रूपये है।

इसी तरह जिला मुख्यालय के कलेक्टर सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 7 सड़कों, जिसकी लंबाई 18.08 किलोमीटर और लागत 14 करोड़ 23 लाख 65 हजार रूपये का अतिथियों ने विधिवित पूजा-अर्चना कर बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करने वाले इन कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा

क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, नगरपालिका के उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके, जिला पंचायत सदस्य लेखराम धुर्वा, शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, सुरेन्द्र सोनटेके, श्रीमती पुष्पा नेगी, देशबंधु नायक, छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर सहित बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस दौरान बिन्द्रनवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आने वाले समय में 34 और नई सड़कों की मांग की जाएगी। बिन्द्रनवागढ़ क्षेत्र के कुछ गॉवों में सड़क नही बनने से काफी असुविधा रही है। वनग्रामों में भी सड़क बननी चाहिए। ताकि ग्रामीणों को अधिक सुविधा मिल सके। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी, कृषि उत्पादों के परिवहन में आसानी होगी और स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे।

उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य में सहयोग देने और सड़क को सुरक्षित रखने की अपील भी की। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि गरियाबंद जिले में सड़कों की बहुत आवश्यकता रही है। दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों को इससे लाभ मिलेगा। कलेक्टर बीएस उइके ने कहा कि नई सड़के बनने से दूरस्थ क्षेत्रों में यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों की यातायात के साथ-साथ आर्थिक संपर्क भी मजबूत होगा।

सीबीएसई 10वीं में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

■ कलेक्टर बी.एस. उइके ने दी बधाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इस वर्ष पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए संस्था प्राचार्य, शिक्षकों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों बधाईयां दी।

उल्लेखनिय है कि जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका की छात्रा ट्विंकल चौधरी ने 93.2 प्रतिशत (466) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ओज़ल ध्रुव ने 92.8 प्रतिशत (464) अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा तिलोत्मा दीवान ने 92.4 प्रतिशत (462) अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भूमिका सिन्हा 91.4 प्रतिशत, मनीष पटेल 90 प्रतिशत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में शामिल 40 विद्यार्थियों में से अधिकांश ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। प्राचार्य श्रीमती महिमा सिन्हा ने भी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

भाटापारा सिविल अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ नहीं

■ महिला मरीजों को हो रही परेशानी

भाटापारा/नवप्रदेश। अविभाजित रायपुर जिले के दुसरे सबसे बड़ी आबादी वाले तथा छत्तीसगढ़ राज्य के सातवे सबसे बड़े नगर भाटापारा में शासकीय स्वास्थ्य सुविधा का बुरा हाल है, शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियो की उदासीनता से आज तक भाटापारा को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नही मिल पाया। जबकि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व मध्यप्रदेश मे भाटापारा में शासकीय अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर था। और तमाम रोगो के लगभग दर्जनभर से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थ थे। शासन-प्रशासन के विकेन्द्रीकरण के बाद व्यवस्था मे सुधार होने के बजाय व्यवस्था पुरी तरह ध्वस्त हो गया है।

भाटापारा सहित निकटवर्ती बेमेतरा, दुर्ग, मुंगेली, बिलासपुर, चांपा, जाजगीर जिलो के सरहद से जुड़ें लगभग सात लाख की आबादी के लिए भाटापारा सिविल अस्पताल मे कोई भी आवश्यक सुविधा उपलब्ध नही होने से बात बात मे क्षेत्रवासियो को रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, कोरबा एवं नागपुर चेन्नई हैदराबाद जैसे शहरो की ओर उपचार के लिए जाना पड़ता है। चूंकि भाटापारा एक प्रमुख औद्योगिक व्यवसायिक शहर है साथ ही रेलवे के मुख्य मार्ग से जुड़ा है इस लिए आये दिन यहां पर घटना दुर्घटना के साथ-साथ जलने कटने की घटना होने पर लोगो को फौरी तौर पर कोई इलाज नही मिल पाता। जनहित में यहां ट्रामा युनिट बर्न युनिट की स्थापना प्राथमिथकता से किया जाना चाहिए। वर्तमान में क्षेत्र मे सैकड़ो लोग हृदय रोग से पीड़ित है साथ ही अनेक मौत पिछले पांच वर्षो मे हार्ट अटैक से हो चुकी है ,ऐसे में भाटापारा में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती शासकीय अस्पताल मे करना जरूरी हो गया है ।

कलेक्टर बीएस उइके और जिला पंचायत के सीईओ ने भरा ऑनलाइन स्व गणना प्रपत्र

■ पहली बार स्व-गणना, स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। इसे वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है। जिले में कल से स्व-गणना शुरू हो गया है। कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर , अपर कलेक्टर श्रीमती

ऋक्षा ठाकुर, एनआईसी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला ने आज निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरा। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे एक आईडी प्राप्त होगा। जिसे प्रगणक जब आपके घर आएंगे तब बताना होगा। लेकिन यदि आप यह फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक आपके घर आकर जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय है।

कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी।

भिनोदा में विकास की लहरः सरपंच ब्रिज किशोर अजगल्ले बने 'विकासपुरुष'

■ भिनोदा मे हुआ सरपंच के हाथो सीसी रोड का भूमि पूजन!

भिनोदा/सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भिनोदा में इन दिनों विकास की नई लहर देखने को मिल रही है। नवनिर्वाचित सरपंच ब्रिज किशोर अजगल्ले के नेतृत्व में गाँव लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सरपंच के अथक प्रयास और दूरदर्शी सोच के चलते पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने ब्रिज किशोर अजगल्ले पर भरोसा जताते हुए भारी बहुमत से उन्हें विजयी बनाया। चुनाव के बाद से ही उन्होंने गाँव के समग्र विकास की जिम्मेदारी को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं पर कार्य शुरू किया। ग्राम में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और तालाब संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं साथ ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में भी विशेष पहल की जा रही है।

विधायक अनुज शर्मा ने ली विभागों की मैराथन समीक्षा बैठक

अधिकारियों को दी नसीहत– दफ्तरों से निकलें और धरातल पर काम करें

धरसींवाः / कूंरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र धरसीवा में क्षेत्रीय विकास की गति को बढ़ाने और प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने आज विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक का बेहद संवेदनशील और सख्त अंदाज नजर आया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की असली सफलता है। बैठक के दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यो की प्रगति और कार्यालयों में लंबित आवेदनों के वर्तमान स्टेटस की विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

उन्होंने पूछा कि कौन से कार्य समय सीमा के भीतर किए गए हैं और कौन से लंबित हैं। जनता से प्राप्त आवेदनों और शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, इसका पूरा विवरण मांगा गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि फाइलों को अनावश्यक रूप से न रोका जाए

तथा यथासमय प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। शर्मा ने लोक निर्माण विभाग (क्क्वुष्ठ), विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्क्चश्व), जनपद पंचायत, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से जारी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी मांगी।

मीडिया सें चर्चा करते हुए विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि आज की यह समीक्षा बैठक केवल फाइलों के लेन-देन के लिए नहीं है, बल्कि यह आत्म-मंथन के लिए है कि हम जनता की उम्मीदों पर कितना खरा उतर रहे हैं। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है और हम सभी उनकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभीं विभागों के अधिकारियों सें यहीं कहा की मेरे पास जनता की शिकायतें नहीं आनी चाहिए कि छोटे-छोटे कार्यों और आवेदनों के लिए उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

याद रखें, टेबल पर पड़ी हर फाइल के पीछे एक गरीब जनता की उम्मीद और उसकी समस्या जुड़ी होती है। मुझे हर विभाग से 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' चाहिए। जो काम महीनों से रुके हुए हैं, उनके पीछे की बाधा क्या है?

पेज 1 का शेष...

'मातृशक्ति' के सहारे चुनावी...

साफ कहा जा रहा है कि सत्ता में आने पर अगले पांच साल तक यह सिलसिला जारी रहेगा। तमिलनाडु में डीएमके सरकार ने महिलाओं के खाते में 2-2 हजार रुपये का 'स्पेशल समर पैकेज' भेज दिया। असम की भाजपा सरकार ने बिहू के मौके पर 4-4 हजार रुपये महिलाओं को दिए। केरल की वामपंथी सरकार ने 'स्त्री सुखम' योजना शुरू की, जिसमें 10 लाख महिलाओं को हर महीने 1-1 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने फरवरी में 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली राशि 500 रुपये बढ़ा दी। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने भी महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपये देने का ऐलान कर दिया है।

अब 15 राज्यों में महिलाओं को नकद सहायता

पिछले कुछ सालों में हुए चुनावी ट्रेंड को देखें तो साफ दिखता है कि महिलाओं को कैश ट्रांसफर देने वाले राज्यों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पहले सिर्फ एक-दो राज्य यह प्रयोग कर रहे थे, अब यह संख्या बढ़कर 15 हो गई है। ये 15 राज्य 13 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक नकद सहायता पहुंचा रहे हैं, जो इन राज्यों के कुल बजट का औसतन 0.7% है। झारखंड जैसे राज्य तो अपने ग्रामीण विकास के कुल बजट का 81% हिस्सा महिलाओं को कैश ट्रांसफर में खर्च कर रहा है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महिलाओं ने सराकर बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है। सत्ता में रहना है तो अब पैसे देने ही होंगे।

संसद में दो तिहाई की...

की जरूरत नहीं है। बता दें कि 12 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा भाषण दिया था। उन्होंने कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है।

वेदांता प्लांट हादसा तकनीकी...

अनुबंध के बावजूद कंपनी ने खुद काम करने के बजाय इसे लगभग 30 छोटे-बड़े ठेकेदारों में बांट दिया। इस 'पेटी दर पेटी' ठेका व्यवस्था ने काम को कई स्तरों में विभाजित कर दिया, जहां जवाबदेही धीरे-धीरे धुंधली होती चली गई।

वर्ष 2023 में वेदांता ने छत्तीसगढ़ एथेना पावर लिमिटेड से 565 करोड़ रुपये में इस प्लांट का अधिग्रहण किया था। पहली 600 मेगावाट इकाई पूरी तरह तैयार थी, जबकि दूसरी इकाई का अधूरा निर्माण कार्य अधिग्रहण के बाद आगे बढ़ाया गया। लेकिन संचालन की जमीनी हकीकत में तकनीकी दक्षता से ज्यादा ठेका प्रणाली का जाल नजर आता है।

एनजीएसएल के करीब 120 अधिकारी केवल निगरानी की भूमिका में हैं, जबकि बायलर, जनरेटर और टरबाइन जैसे संवेदनशील हिस्सों का काम पावर मेक, हेम्स कॉरपोरेशन और राहुल इंटरप्राइजेज जैसी कंपनियों को सौंपा गया। इसके आगे भी कार्य छोटे ठेकेदारों तक पहुंचा, जहां तकनीकी दक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्लांट में वेदांता के करीब 200 नियमित कर्मचारी हैं, जबकि ठेका कंपनियों के लगभग 400 कर्मी कार्यरत हैं। ऐसे में संचालन का बड़ा हिस्सा अप्रशिक्षित हाथों में जाने का जोखिम लगातार बना रहा।

राहुल गांधी पर लखनऊ हाई...

कांग्रेस सांसद भारतीय नागरिक होने के साथ-साथ ब्रिटिश नागरिकता भी रखते हैं।

सीबीआई जांच की मांग

हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। दोहरी नागरिकता से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। निचली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। हाई कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यूपी सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। सरकार के वकील की बात पर जस्टिस ने कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज करके इसे सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी।

रिश्वत और बीयर मांगने...

तक भी जाता है। हालांकि उसने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का नाम नहीं लिया। बताया जा रहा है कि छुरा राजस्व विभाग में लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन इस घटना ने पूरे मामले को उजागर कर दिया। मामला सामने आते ही कलेक्टर बी.एस. उइके ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित पटवारी खेमचंद साहू को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही छुरा के तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक (आरआई) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। प्रशासन ने विभागीय स्तर पर फेरबदल भी किया है। एसडीएम छुरा, डिप्टी कलेक्टर अंजली खलखो को जिला कार्यालय अटैच कर दिया गया है, जबकि राजिम के एसडीएम विशाल कुमार महाराणा को छुरा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशासन का कहना है कि यह फेरबदल प्रशासनिक कारणों से किया गया है, लेकिन पूरे घटनाक्रम को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।

774 सड़कों का भूमिपूजन, सुहाने...

राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सहकारिता क्षेत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि हाल ही में 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ किया गया है, जिससे प्रदेश में समितियों की संख्या बढ़कर 2573 हो गई है। ये समितियां किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध कराएंगी तथा धान विक्रय प्रक्रिया को सरल बनाएंगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और होली से पूर्व 25.28 लाख किसानों के खातों में 10000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरण कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री श्री साय ने नागरिकों से आगामी जनगणना में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सही आंकड़े ही सटीक विकास योजनाओं का आधार बनते हैं।

सिम्स में सी-आर्म तकनीक से चिकित्सा सेवाओं को मिली नई पहचान, 3 माह में 90 ऑपरेशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उत्कृष्ट उपचार सेवाओं के माध्यम से प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। विशेष रूप से सी-आर्म मशीन के उपयोग ने आर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। अब जटिल से जटिल हड्डी संबंधी ऑपरेशन भी सिम्स में ही सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को न केवल समय पर उपचार मिल रहा है बल्कि आर्थिक और मानसिक रूप से भी बड़ी राहत मिल रही है।

पिछले तीन महीनों के आंकड़े सिम्स की इस उपलब्धि को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। फरवरी माह में 40, मार्च में 30 और अप्रैल माह में अब तक 20 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। इस प्रकार कुल 90 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी देने का कार्य सिम्स के चिकित्सकों द्वारा किया गया है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। सी-आर्म मशीन एक अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक है, जो ऑपरेशन के दौरान हड्डियों और जोड़ों की सटीक स्थिति को रियल-टाइम में प्रदर्शित करती है। इससे सर्जनों को ऑपरेशन के हर चरण में स्पष्ट दृश्य मिलता है, जिससे सर्जरी अधिक सुरक्षित, सटीक और कम समय में पूरी की जा सकती है। यही कारण है कि पहले जहां जटिल मामलों में मरीजों को रायपुर जैसे बड़े हायर सेंटर रेफर करना अनिवार्य होता था, वहीं अब सिम्स में ही इनका सफल उपचार संभव हो पा रहा है। पूर्व में कई ऐसे मामले सामने आते थे, जिनमें मरीजों को लंबी दूरी तय कर हायर सेंटर जाना पड़ता था।

मरीज हित में संवेदनशीलता स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सिम्स की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके क्षेत्र में ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सिम्स द्वारा किए जा रहे प्रयास इस दिशा में एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जहां मरीजों के हित को सर्वोपरि रखते हुए आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

दूरदर्शी नेतृत्व और विकास की स्पष्ट दिशाः डॉ. मूर्ति

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति अपने दूरदर्शी नेतृत्व, सकारात्मक सोच और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनके मार्गदर्शन में सिम्स लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को अपनाते हुए नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 'हमारा लक्ष्य है कि मरीजों को बड़े महानगरों जैसी सुविधाएं यहीं सिम्स में उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी को भी इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।' उनकी पहल पर संस्थान में आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, चिकित्सकों के कौशल विकास और सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सुदृढ़ प्रबंधन और अनुशासित व्यवस्थाः डॉ. लखन

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह अपनी प्रशासनिक दक्षता, अनुशासन और मरीजों के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाते हैं। उनके कुशल प्रबंधन के कारण अस्पताल की व्यवस्थाएं अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनी हैं। उन्होंने बताया कि 'हमारा प्रयास है कि हर मरीज को समय पर, सहज और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।'

न्यूज गैलरी

अक्षत ने सीबीएसई 10वीं में 94 फीसदी अंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

सीपत/नवप्रदेश। सीपत के प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार के होनहार छात्र अक्षत गुप्ता ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि विद्यालय और पूरे सीपत क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। अक्षत दीपक गुप्ता बबली गुप्ता के पुत्र हैं और वे बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत के मेधावी छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है। अक्षत की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया है।

98.8% के साथ अनुष्का मंडल बनीं टॉपर

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा दसवीं परीक्षा सत्र (2025-26) में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों को छू लिया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा अनुष्का मंडल ने 98.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शौर्य साहू एवं सस्मित राज ने 98.6% अंकों के साथ द्वितीय तथा अयमान तनवीर ने 98% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 66 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 47 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 61 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। विषयगत उत्कृष्टता में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शौर्य साहू (गणित, संस्कृत एवं एआई), सस्मित राज (गणित, सोशल साइंस एवं संस्कृत), अनुष्का मंडल (संस्कृत एवं एआई), अयमान तनवीर (सोशल साइंस एवं एआई), गौरव बनर्जी (संस्कृत एवं एआई) एवं साईप्रदा साहू (सोशल साइंस एवं संस्कृत) ने संबंधित विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अतिरिक्त दर्शिल सुब्रत (गणित), पान्या सना कुजूर एवं साग्निक डे सरकार (संस्कृत) तथा यामिनी भार्गव, अवनी जैन एवं सोहम शर्मा (एआई) ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण मेधा का परिचय दिया।

पुलिस महानिरीक्षक गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह के साथ आईटीएमएस, साइबर सेल का किया निरीक्षण

नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करने आईटीएमएस के तकनीकी की दी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। चंद्र कुमार निर्णेजक जिला ब्यूरो चीफ बिलासपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में लगातार सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुचारु आवागमन हेतु लगातार सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न आयामों पर कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न कार्यों के अवलोकन एवं निरीक्षण हेतु पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा कंट्रोल एंड कमांड सेंटर यूनिट पहुँचकर निरीक्षण किया गया तथा आईटीएमएस के तकनीकी प्रणालियों का बारीकी से समीक्षा की गई। किस तरीके से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के नंबर प्लेट कैमरे के माध्यम से स्टोर की जाती है तकनीकी माध्यम से उक्त वाहन के नंबरों को कैप्चर करने के पश्चात अंतिम चालान तक की प्रक्रिया किस तरीके से पूर्ण होती है इसके संबंध में बहुत ही गहन तरीके से वरिष्ठ अधिकारियों को आईटीएमएस की टीम के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से ब्रीफ की गई।

उल्लंघनकर्ता चालक के मोबाइल पर चालान जारी

आईटीएमएस में लगे हुए एएनपीआर कैमरे के द्वारा कितनी संख्या में वायलेशन डिटेक्ट की जाती और अलग-अलग चरणों में किस तरीके से उसका वेरिफिकेशन होकर अंतिम चालान उल्लंघन कर्ता वाहन चालक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जाता है यह वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में टीम के द्वारा ऐसे वाहन को डिटेक्ट करके पूरी प्रक्रियाओं का निर्वहन करते हुए अंतिम में यातायात नियम के उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के मोबाइल पर भेजी गई। इस दौरान आई टी एम एस के द्वारा शहर में लगे हुए 23 पी ए सिस्टम एवं 10 एलईडी मॉनिटर सिस्टम के द्वारा किस तरीके से आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें ट्रैफिक उल्लंघन एवं यातायात सुरक्षा मापदंडों व मानकों के उपेक्षा एवं अवहेलना पर संदेश प्रसारित की जाती है।

एडवांस डिजिटल तकनीक की चर्चा

कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वतः ही कई वाहन चालकों के नंबर प्लेट को जूम करने वाली एडवांस डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए जूम करके नंबर प्लेट को रीड कर उन्हें चालान हेतु प्रक्रिया किया तथा आई टी एम एस प्रणाली की अवलोकन एवं निरीक्षण पश्चात और क्या-क्या एडवांस्ड फीचर इसमें जोड़ी जा सकती है इसके संबंध में व्यापक चर्चा की गई। चोरी हुए वाहनों की पता तलाश में आई टी एम एस प्रणाली के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है इस संबंध में भी उन्होंने आई टी एम एस टीम के प्रशंसा की तथा नियमित रूप से चोरी हुए वाहनों पर निगरानी रखने हेतु उन्हें सतर्क रहने हिदायत दिए। पुलिस महा निरीक्षक के द्वारा निर्मित सशक्त एप की व्यापक उपयोगिता के संबंध में भी आईटीएमएस के पूरे टीम को समझाइस देते हुए उन्हें पुलिस के द्वारा उपयोग की जा रही सभी तकनीकी और डिजिटल प्रणाली को अपराध के नियंत्रण एवं रोकथाम में ज्यादा से ज्यादा प्रभावकारी बनाए जाने के संबंध में पूरे टीम को बताई गई। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक एवं डीआईजी व एसएसपी सर के द्वारा साइबर सेल, डायल 112 एवं कंट्रोल रूम का भी अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर उन्हें अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति हमेशा सतर्क रहने हिदायत दिया गया तथा आम नागरिकों के किसी भी प्रकार के शिकायतों के प्रति गंभीरतापूर्वक संवेदनशीलता रखते हुए उनके त्वरित समाधान किए जाने के संबंध में अपना सर्वोत्तम प्रयास सुनिश्चित करने हिदायत दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे सीएसपी कोतवाली गगन कुमार, सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह, टी आई साइबर सेल गोपाल सतपति एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

रतनपुर किले में सुविधाओं का विस्तार पुराने निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

रतनपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक एवं केंद्रीय संरक्षित स्मारक रतनपुर किला में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। जहां एक ओर नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। किले के भीतर पर्यटकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था करते हुए नई कुर्सियां लगाई गई हैं। गार्डन क्षेत्र में भी चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे मॉर्निंग वॉक और शाम को घूमने आने वाले लोगों को राहत मिल रही है। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार किले के अंदर की सड़कों का नवीनीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। सड़कों को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए बाहर से पत्थर मंगाकर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे आवागमन सुगम हो सके। साथ ही हाथी किला परिसर के भीतर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण भी प्रस्तावित है। इधर, स्थानीय निवासियों ने पूर्व में ठेकेदार द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि पहले बनाई गई सड़क अब कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है और केवल कुछ हिस्सों में ही बची है। इसी तरह बनाई गई बाउंड्री वॉल भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त होकर टूटने लगी है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि बाउंड्री वॉल के टूटने के कारण किले की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं, जिससे ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। निवासियों ने विभाग से मांग की है कि पुराने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, साथ ही बाउंड्री वॉल की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण जल्द कराया जाए, ताकि किले की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय राज्य साहू ने रेल मंत्री को बिलासपुर येलहंका एक्सप्रेस के नियमित संचालन पर जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की तथा छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

भेंट के दौरान श्री साहू ने विशेष रूप से ट्रेन संख्या 08261/08262 'बिलासपुर-येलहंका एक्सप्रेस' को नियमित रूप से संचालित करने की स्वीकृति प्रदान करने के लिए रेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा। श्री साहू ने प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में रोघाट-जगदलपुर रेल लाइन के विस्तार हेतु भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित परियोजना जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इससे बस्तर क्षेत्र की कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा और सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। बैठक के दौरान कटघोरा-डोंगरगढ़ प्रस्तावित रेल परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। श्री साहू ने कहा कि यह परियोजना राज्य के लिए एक परिवर्तनकारी पहल सिद्ध होगी, जिससे क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा छत्तीसगढ़ के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में रेल मंत्रालय द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन पहलों से देश में आधारभूत संरचना के विकास को गति मिल रही है तथा संतुलित एवं समावेशी क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित हो रहा है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिरगिट्टी पुलिस व एसीसीयू टीम की संयुक्त कार्रवाई से सफलता मिली है। आरोपियों से नग मोबाइल, नगदी 1690 रुपये एवं ऑनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट कीमत 41,690 रुपये जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में जुबैर रिजवी 32 वर्ष निवासी यदुनंदन नगर तिफरा व सन्नी सिंह ठाकुर 32 वर्ष निवासी यदुनंदन नगर तिफरा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार थाना सिरगिट्टी पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा बाजार चौक तिफरा क्षेत्र में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते हुए 2 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया।

दिव्यांगजनों के लिए समर कैंप शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में पहली बार विशेष दिव्यांगता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन बिलासपुर डायटिशियन एंड न्यूट्रीशनिस्ट एसोसिएशन, गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

वनांचल को मिलेगा स्थायी उजाला, बिजली अधिकारियों को कार्य योजना बनाने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश क्षेत्र के वनांचल के गांवों में जहां अब तक सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई थी, अब शीघ्र ही मुख्य बिजली लाइन (ग्रिड) से जोड़ा जाएगा। इससे इन गांवों को अस्थायी सोलर व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी और नियमित, स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसका जायजा लेने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट सं. 45, सेक्टर 24, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़) 492 018

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा लेने की तिथि
1.	श्री ब्रह्मानंद पांडे (ऋणी) पुत्र उमाशंकर पांडेय एवं श्रीमती शशि पांडेय (सह-ऋणी) पति श्री ब्रह्मानंद पांडेय. रायपुर राखी शाखा	श्रीमती शशि पांडे पति श्री ब्रह्मानंद पांडे के नाम पर प्रथम तल, खसरा नं. 381 (खसरा 380/1, 380/2 का भाग) का पूरा हिस्सा, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, मौजा- सेक्टर -29, खपरी नया रायपुर, अटल नगर, प.ह.नं. 24, आर.एन.एम. पालौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़, क्षेत्र- 658.08 वर्ग फीट में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी-1, बी-05/107 के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- खुला स्थान, दक्षिण- BL नं. 05/108 पूर्व- खुला स्थान, पश्चिम- BL नं. 05/106.	₹ 9,98,508.57/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ.	09/02/2026 / 13/04/2026
2.	श्रीमती जुलेखा रिजवी, कानूनी वारिस (पति स्व. श्री नियाज रिजवी) एवं गारंटर और बंधककर्ता श्री आकिब रिजवी, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री नियाज रिजवी), श्री आदिल रिजवी, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री नियाज रिजवी), एवं सुश्री अर्शी रिजवी, कानूनी वारिस (पुत्री स्व. श्री नियाज रिजवी), पताः मकान नंबर 39, बालाजी कॉलोनी, वार्ड नंबर 1, कुरुद, छत्तीसगढ़- 493663. धमतरी शाखा	खसरा नं. 668/4 का भाग, प.ह.नं. 29, बालाजी नगर, वार्ड नं. 14, कुरुद, (पुराना संजय नगर वार्ड नं. 01), ग्राम- कुरुद, तहसील- कुरुद, जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफीट में स्थित जमीन व बिल्डिंग के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- अन्य की भूमि, दक्षिण- बची हुई भूमि, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क।	₹ 10,41,790.17 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ.	12/02/2026 / 15/04/2026

दिनांक : 17.04.2026, स्थानः रायपुर/धमतरी (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय, जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 02/न.पा.नि./ जोन-10/26-27 — रायपुर, दिनांक 17.04.2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है -

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवदेन तिथि - 29.04.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 30.04.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 08.05.2026 कार्यालयीन समय 3:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 08.05.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
1	वार्ड क्र .49, रानी दुर्गावती अंतर्गत खुशी सिटी के पास हरे माधव दरबार मार्ग में नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	7.80	6000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
2	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र.50 अंतर्गत गोकुल धाम सोसायटी में मारुती रेसीडेन्सी मुख्य मार्ग तक नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	6.00	5000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
3	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र .50 अंतर्गत आदर्श विहार-सिमरन हाईट्स के सामने से एक ओर नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	3.50	3500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
4	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र.50 अंतर्गत आकृति विहार डॉ. होता जी वाली गली से रोड के मोड़ तक नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	9.98	7500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
5	पं. विद्याचरण शुक्ल यार्ड क्र.50 अंतर्गत गुरु तेग बहादुर नगर तेजराम साहू जी के वाली गली में दोनों ओर नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	6.00	5000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
6	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत देवपुरी कृष्णा नगर में प्रकाश विला घर से हरि ओम ट्यूशन क्लास तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	8.44	6500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2025 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
7	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत कृष्णापुरी सी लाईन में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	8.46	6500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2025 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
8	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत बरड़िया विहार में गली नं. 04 में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	8.22	6500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2025 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
9	बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र .53 अंतर्गत आमा तालाब से शिव मंदिर से मेन रोड़ तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	8.35	6500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2025 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह
10	वार्ड क्र.49, रानी दुर्गावती अंतर्गत खुशी सिटी के पास हरे माधव दरबार मार्ग में सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद)	8.30	6500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2025 संशोधित एस.ओ.आर.)	04 माह

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ. डी. आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज ।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा ।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ.ब.स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, अंतिम तीन साल का आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर. अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में पास की जा सकती है।
11. ठेकेदार को From A में दिये गये सभी शर्ते के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त,
जोन क्रमांक-10,
नगर पालिक निगम, रायपुर

रेरा की बड़ी कार्रवाई: बिना पंजीकरण 55 एकड़ की टाउनशिप पर लगी रोक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने बिना पंजीकरण रियल एस्टेट परियोजना के प्रचार-प्रसार के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नया रायपुर स्थित 'डेला रेसकोर्स एंड इंटरनेशनल पोलो क्लब' परियोजना पर क्रय-विक्रय और पंजीयन पर अंतरिम रोक लगा दी है। प्राधिकरण ने प्रकरण क्रमांक एसएम-यूआरपी-2026-03599 में संज्ञान लेते हुए पाया कि सेक्टर-37, नया रायपुर में लगभग 55 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित इस परियोजना के प्रमोटर द्वारा रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 3 का उल्लंघन किया गया है। जांच में सामने आया कि बिना रेरा पंजीकरण के ही सोशल मीडिया के जरिए परियोजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम नागरिकों को बुकिंग के लिए आमंत्रित किया जा रहा था। रेरा के अनुसार, अधिनियम के तहत किसी भी

रियल एस्टेट परियोजना का विज्ञापन, विपणन या बिक्री बिना पंजीकरण के प्रतिबंधित है। नियमित निगरानी के दौरान यह मामला सामने आने पर प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए परियोजना से जुड़े सभी भूखंड, मकान और अन्य इकाइयों के क्रय-विक्रय एवं पंजीयन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि यह एक मल्टीनेशनल चेन है, जिसकी परियोजनाएं पुणे, अहमदाबाद, नागपुर, औरंगाबाद, हिमाचल प्रदेश, भोपाल और तिरूपति सहित कई शहरों में संचालित हैं।

पंजीयन विभाग को सख्त निर्देश

रेरा ने जिला पंजीयक और उप-पंजीयक, रायपुर को निर्देश दिए हैं कि इस परियोजना से संबंधित किसी भी विक्रय विलेख का पंजीयन अगले आदेश तक स्वीकार न किया जाए। साथ ही आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

निवेश से पहले जांच की सलाह

प्राधिकरण ने आम नागरिकों को सलाह दी है कि किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में निवेश करने से पहले उसकी रेरा पंजीयन स्थिति की अनिवार्य रूप से जांच करें, ताकि आर्थिक और कानूनी जोखिम से बचा जा सके।

लक्जरी टाउनशिप का दावा

उक्त परियोजना के तहत 55 एकड़ क्षेत्र में 182 प्राइवेट विला, 168 ब्रांडेड रेसिडेंस, 28 स्काई विला, 9 एकड़ का रेसकोर्स, 45,200 वर्गफीट में पोलो क्लब, प्राइवेट ऑफिस, चार सिग्नेचर रेस्टोरेंट और सीनियर लिविंग हब विकसित किए जाने का दावा किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

शोभा यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर। शहर के गुड़ियारी स्थित कृष्णा नगर में कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। आयोजन के पहले दिन सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा कृष्णा नगर से प्रारंभ होकर कर्मा चौक के समीप स्थित तालाब तक पहुँची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत जल भरकर पुनः कथा स्थल की ओर प्रस्थान किया। कथा स्थल पर पूजा-अर्चना के बाद कलशों को मंच पर स्थापित किया गया और धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत की गई। आयोजन के दौरान पंडित खिलेन्द्र दुबे के सानिध्य में आगामी नौ दिनों तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और धर्म के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। मुख्य यजमान सोमेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में शांति, सद्भाव और धार्मिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की। कलश यात्रा में मीना साहू, गीता साहू, विद्या साहू, आशा साहू, नंद कुमारी, अनीता, रिया और प्रिया सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

बड़े कारंली एनीकट में तटरक्षण कार्य के लिए 4.97 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड-गीदम के बड़े कारंली एनीकट में तटरक्षण कार्य हेतु 4 करोड़ 97 लाख 65 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से बांयी तट में 330 मीटर एवं दायीं तट में 250 मीटर कुल 580 मीटर में तटरक्षण कार्य किया जाएगा। एनीकट तटरक्षण को कराने के लिए मुख्य अभियंता गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

यूरिया का प्रभावी विकल्प बन रही हरी खाद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में टिकाऊ और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उद्देश्य से हरी खाद के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा जशपुर जिले के सभी विकासखंडों में इस वर्ष 600 हेक्टेयर क्षेत्र में हरी खाद का प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर हरी खाद तकनीक अपनाएं, जिससे मिट्टी की सेहत में सुधार के साथ दीर्घकालीन उत्पादकता सुनिश्चित हो सके। हरी खाद के अंतर्गत ढेंचा, सनई, मूंग, उड़द और बरसीम जैसी फसलों को खेत में उगाकर 40 से 50 दिन बाद जुताई कर मिट्टी में मिला दिया जाता है। इसके पश्चात 2 से 3 सप्ताह बाद मुख्य फसल की बुवाई की जाती है। यह प्रक्रिया मिट्टी में प्राकृतिक पोषक तत्वों की पूर्ति करती है। हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में नाइट्रोजन, पोटाश एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है, साथ ही जैविक पदार्थों में वृद्धि होती है। इससे मिट्टी की जलधारण क्षमता बेहतर होती है और भूमि भुरभुरी एवं अधिक उपजाऊ बनती है। हरी खाद अपनाने से रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया, की आवश्यकता में कमी आती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हरी खाद का उपयोग कम लागत में अधिक लाभ देने वाला उपाय है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक है।

आरंग की नन्हीं बिटिया गूंजन के प्रतिभा की गूंज

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग की कक्षा तीसरी की नन्हीं छात्रा कु. गुंजन यादव ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से एक नई पहचान बनाई है। पीएम श्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक शाला, आरंग की इस छात्रा की मौलिक कहानी देश की लोकप्रिय बाल पत्रिका 'चकमक' के नवीनतम अंक में प्रकाशित हुई है। गुंजन ने अपनी कल्पनाशक्ति और लेखन कौशल के दम पर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। विद्यालय में मिले प्रोत्साहन और निरंतर अभ्यास से उसकी लेखनी को नई दिशा मिली है।इस उपलब्धि के पीछे प्रशासन द्वारा संचालित नवाचारी पहल 'पढ़े रायपुर, लिखे रायपुर' का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने-लिखने की आदत विकसित करना और उनकी रचनात्मकता को मंच प्रदान करना है।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रसूता माताओं को फलदार पौधे भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा "प्रोजेक्ट ग्रीन पालना" अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले।

चिन्हारी योजना से सशक्त हो रही छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति

लोक कलाकारों को मिल रही नई पहचान, परंपराओं के संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित चिन्हारी योजना राज्य की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाकारों को नई पहचान देने का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल पारंपरिक कला रूपों का संरक्षण हो रहा है, बल्कि कलाकारों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से भी सशक्त किया जा रहा है। चिन्हारी योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोक कलाकारों, शिल्पकारों, गायकों और नर्तकों की पहचान कर उनका पंजीयन किया जा रहा है। इससे एक व्यापक सांस्कृतिक डेटाबेस तैयार हो रहा है, जो भविष्य में कला के संरक्षण और संवर्धन में सहायक सिद्ध होगा। योजना के अंतर्गत चयनित कलाकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा उन्हें राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला प्रस्तुत करने के अवसर भी दिए जाते हैं। इसके साथ ही मेलों, उत्सवों और शासकीय कार्यक्रमों में इन कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, जिससे उन्हें व्यापक पहचान मिल रही है। नई पीढ़ी को लोक संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी इस योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ावा देते हुए अनुभवी कलाकारों के मार्गदर्शन में युवाओं को पारंपरिक कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चिन्हारी योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू विलुप्त होती लोक परंपराओं का संरक्षण और पुनर्जीवन है। इसके तहत लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित कर उन्हें नई ऊर्जा प्रदान की जा रही है। साथ ही, डिजिटल माध्यमों के जरिए इन कलाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, स्थानीय कला को पर्यटन से जोड़कर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। चिन्हारी योजना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और कलाकारों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

केदार कश्यप के ओएसडी बनाए गए शैलाभ साहू

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने शैलाभ साहू को परिवहन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संसदीय कार्य और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया है। यह प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, शैलाभ कुमार साहू को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से इस पद पर नियुक्त किया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि उनकी नियुक्ति के साथ ही उप सचिव पुलक भट्टाचार्य को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ ई-ऑफिस, SPARROW, ई-एचआरएमएस तथा सामान्य प्रशासन विभाग के संबंधित कार्यों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्ष 2013 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी शैलाभ साहू ने बलौदाबाजार, गरियाबंद और सारंगढ़ जैसे जिलों में कार्य करते हुए प्रशासनिक दक्षता में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने संसदीय चुनावों के दौरान मुख्य निर्वाचन कार्यालय में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। इसके अलावा उन्होंने परिवहन विभाग में लंबे समय तक आईटी का कार्य संभाला है।

प्रेस क्लब द्वारा हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य उत्सव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब ने इस गौरवपूर्ण क्षण को भव्य उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा पूर्व में पारित प्रस्ताव के अनुरूप शुक्रवार को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि हिंदी पत्रकारिता दिवस के इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए क्लब द्वारा व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा और योगदान को सम्मान देने हेतु इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु तथा संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए एक अलग आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही, कार्यक्रम को भव्य और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित करने पर भी सहमति बनी।

जल जीवन मिशन से संवरी बुलगा की तस्वीर

समय की हो रही बचत, घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन ने छत्तीसगढ़ के बुलगा (Bulga) जैसे गांवों में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर जीवन स्तर को बदल दिया है। बुलगा गाँव में अब हर घर में नल का कनेक्शन है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को दूर से पानी लाने की मेहनत से मुक्ति मिली है।

ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संचालित 'जल जीवन मिशन' अब ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली का नया आधार बन रहा है। कभी पानी के लिए लंबी दूरी तय करने वाली महिलाओं के आंगन में आज नल से जल की धार बह रही है। इसी बदलाव की एक बानगी सरगुजा जिले के लूण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुलगा में देखने को मिली है। बुलगा निवासी श्रीमती जीवंती बाई ने बताया कि एक समय था जब पीने के साफ पानी का इंतजाम करना दिन का सबसे कठिन कार्य था। पानी के लिए उन्हें घर से काफी दूर जाना पड़ता था, जिससे समय की बर्बादी और शारीरिक थकान होती थी। ÷पहले पानी लाने के लिए बहुत लंबा लाइन लगाना पड़ता था, लेकिन अब हमारे घर में नल का कनेक्शन लग गया है। अब सुबह और शाम दोनों वक्त नियमित रूप से शुद्ध पानी घर पर ही मिल जाता है। नल कनेक्शन लग जाने से जीवंती बाई के परिवार के समय की बड़ी बचत हो रही है। उन्होंने बताया कि पानी लाने में जो वक्त खराब होता था, अब उस समय का उपयोग वे खेती-किसानी और अन्य घरेलू कार्यों में कर रही हैं।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच प्रदेश में येलो अलर्ट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू लगने और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाएगा. इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग भी मौसम में बदलाव के साथ होने वाली बीमारियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सीएमएचओ की बैठक में मौसमी बीमारी के साथ साथ मौसम परिवर्तन को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है। सभी जगह ठंडे पानी की व्यवस्था के साथ खराब पंखा, कूलर, एससी को ठीक करने निर्देश दे दिए गए हैं. लू लगने और अन्य बीमारियों की आशंका के बीच उपचार के लिए जरूरी दवाइयों के स्टॉक के साथ ही पूरी तैयारी करने निर्देश जारी कर दिए गए है।

सौर सुजला योजना बंद: 50 हजार आवेदन पेंडिंग अब पीएम कुसुम योजना में ही लगेंगे सोलर कृषि पंप

प्रदेश में एक नवंबर 2016 से चल रहा सौर सुजला योजना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों को कृषि के लिए सोलर पंप भी लगाने की भाजपा सरकार में 2016 में प्रारंभ की गई सौर सुजला योजना अब बंद हो गई है। इसके स्थान पर अब केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में किसानों को सोलर पंप लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए क्रेडा ने प्रदेश सरकार के माध्यम से नए सत्र के लिए केंद्र सरकार के पास प्रदेश के किसानों

के खेतों में प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 25 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा है। वहां से प्रस्ताव की मंजूरी के बाद क्रेडा खेतों में पंप लगाने का काम प्रारंभ करेगा। प्रदेश में अब तक एक लाख साठ हजार सोलर पंप लग चुके हैं। अंतिम साल में योजना को बंद करने के कारण महज सात हजार पंप लग पाए हैं। इस समय क्रेडा के पास करीब 50 हजार आवेदन पेंडिंग है। इन आवेदनों का निराकरण केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद ही होगा। प्रदेश में किसान खेती के लिए कृषि पंप लगाने का काम करते हैं। ज्यादातर कृषि पंप तो बिजली से चलने वाले लगाए जाते हैं। लेकिन प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर बिजली की सुविधा न होने पर या किसानों के खेतों के पास बिजली के ट्रांसफार्मर और खंभे न होने के कारण कृषि पंप लगाने के लिए करीब दस साल पहले प्रदेश में भाजपा की रमन सरकार के समय सौर सुजला योजना राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर 2016 को प्रारंभ की गई थी। तब सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाने का काम किया गया। उसी समय प्रदेश में बहुत ज्यादा सोलर कृषि पंप लगाए गए। राज्य सरकार ने चूंकि इस योजना का प्रारंभ एक नवंबर 2016 को किया था, इसलिए पहले साल 2016-17 में महज 12 हजार सोलर पंप किसानों के खेतों में लगाए गए।

नगरीय प्रशासन: सोमवार को 23 बिंदुओं पर नगर निगम की समीक्षा करेंगे उपमुख्यमंत्री अरुण साव

बकाया 317 करोड़, 16 दिनों में 8 करोड़ ही राजस्व वसूली कर पाया निगम

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव आगामी 20 और 21 अप्रैल को सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेंगे। इस दौरान नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यों की भी 23 अहम बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

बैठक की तैयारी को लेकर निगम आयुक्त विश्वदीप ने शुक्रवार को सभी विभागों की मैराथन बैठक लेकर राजस्व वसूली, बिजली बिल, योजनाओं की प्रगति सहित सभी जानकारियां अपडेट करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को 17 अप्रैल तक विभागीय पोर्टल में जानकारी दर्ज

करने और हस्ताक्षरयुक्त फोल्डर संचालनालय को भेजने को कहा गया है।

राजस्व वसूली पर फोकस, लक्ष्य से पीछे निगम

निगम की राजस्व वसूली की स्थिति संतोषजनक नहीं मानी जा रही है। 1 से 16 अप्रैल तक निगम केवल 8 करोड़ रुपए की वसूली कर पाया है, जबकि राज्य शासन ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए 30 अप्रैल तक का समय दिया है। निगम का कुल प्रॉपर्टी टैक्स 242 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है, वहीं अन्य टैक्स मिलाकर अब तक करीब 320 करोड़ रुपए की वसूली हुई है।हालांकि सीलबंद संपत्तियों की कुर्की कर वसूली बढ़ाने की कार्रवाई पिछले एक सप्ताह से तय नहीं हो पाई है, जिस पर बैठक में सख्त चर्चा होने की संभावना है।

बिजली बिल का भारी बोझ

निगम पर बिजली बिल का भी बड़ा बोझ है। हर महीने करीब 10.47 करोड़ रुपए का बिल आता है, जबकि पिछले 10 वर्षों का बकाया बढ़कर 317 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ऊर्जा दक्ष स्ट्रीट लाइट के लिए नियुक्त ईईएसएल कंपनी का कार्यकाल भी मई में समाप्त होने वाला है, जिससे आगे की रणनीति पर भी चर्चा होगी।

इन प्रमुख बिंदुओं पर होगी समीक्षा

मंत्री अरुण साव समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली, विद्युत देयक, कर्मचारियों के वेतन भुगतान, 15वें वित्त आयोग के फंड का उपयोग, जलप्रदाय योजनाएं, बारिश पूर्व तैयारी, नाले-नालियों की सफाई, बीमारियों की रोकथाम, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन और स्वच्छ भारत मिशन सहित 23 बिंदुओं पर प्रगति की समीक्षा करेंगे।

मॉर्निंग विजिट की होगी जांच

बैठक से पहले मंत्री ने शहर में पेयजल और सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए अधिकारियों को मॉर्निंग विजिट के निर्देश दिए थे। इसके तहत जोन कमिश्नरों को स्पॉट फोटोग्राफ्स साझा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनकी समीक्षा भी बैठक में की जाएगी।

गैस पाइपलाइन में भीषण विस्फोट, खैबर पख्तूनख्वा में 8 लोगों की दर्दनाक मौत..

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हरिपुर जिले में बृहस्पतिवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहाँ के एक औद्योगिक क्षेत्र में गैस पाइपलाइन फटने से जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। आपातकालीन सेवा 'रेस्क्यू 1122' के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना हरिपुर के प्रसिद्ध 'हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट' में हुई। विस्फोट 'ग्रैंड ट्रंक रोड' के पास स्थित एक कारखाने के निकट हुआ। धमाका इतना शक्तिशाली था कि पाइपलाइन फटने के तुरंत बाद वहाँ भीषण आग लग गई। 'रेस्क्यू 1122' के सूत्रों के अनुसार, यह विस्फोट 'ग्रैंड ट्रंक रोड' के पास एक कारखाने के निकट हुआ, जहां गैस पाइपलाइन में हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। निकट स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आ गया, जिससे नुकसान बढ़ गया और बचाव कार्य जटिल हो गया।

उन्होंने बताया कि इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। हरिपुर के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग के तेजी से फैलने के बीच कम से कम चार महिलाओं और छह बच्चों को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और बचाव कार्य जारी है। हरिपुर के उपायुक्त वसीम अहमद ने कहा कि लोगों की मौत का मुख्य कारण दम घुटना प्रतीत होता है।

फलों को पकाने में कैल्शियम कार्बाइड पूरी तरह बैन

नई दिल्ली/ए.। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने देशभर में फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले अवैध रसायनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि आम, केला और पपीता जैसे फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। स्रस्र्द्ध ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और क्षेत्रीय निदेशकों को फल मंडियों, गोदामों और भंडारण स्थलों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर 'मसाला' नाम से प्रचलित कैल्शियम कार्बाइड के इस्तेमाल पर नजर रखने को कहा गया है, जिसका उपयोग व्यापारी फलों को जल्दी पकाने के लिए करते हैं। प्राधिकरण ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स विनियम, 2011 के तहत कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग पूरी तरह गैरकानूनी है।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी

नई दिल्ली/ए.। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के ताज को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब फिर से अपने नाम कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अदाणी की संपत्ति में हुए हालिया इजाफे ने उन्हें इस सूची में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। इस नए फेरबदल के बाद दोनों भारतीय दिग्गजों की कुल संपत्ति और वैश्विक रैंकिंग इस प्रकार है।

होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया, अमेरिकी नीति पर भी बात

ईरान से समझौते के लिए ट्रंप जाएंगे पाक!

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है।

इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए कहा, मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के फोन कॉल की पुष्टि की थी।

पाकिस्तान जा सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप

गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रंप ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं।

10वां युद्ध रुकवाने का दावा

राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और ईरान से इतर इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है।

ट्रंप का दावा: ईरान की नौसेना नष्ट, बहुत जल्द मिलेगी जीत

वहीं ट्रंप ने गुरुवार को ईरान के खिलाफबहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रंप ने ईरान को 'कठिन, स्मार्ट देश' बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रंप ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को 'सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक' बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।

डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रंप की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार 'अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका' जैसे रुख पर जोर देती है। डोनरो सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति के दौर में इस्तेमाल 'मोनरो सिद्धांत' से प्रेरित है। दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा। बीते करीब 200 साल से अधिक समय से इस नीति को डोनरो सिद्धांत की तरह पेश किया जा रहा है। अब गाहे-ब-गाहे ट्रंप की नीतियों को भी इसी जुमले के आधार पर पेश किया जाता है।

कांग्रेसी पवन खेड़ा को नहीं मिली सुप्रीम कोर्ट से राहत

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल देने से किया इनकार

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने उन्हें ट्रांजिट बेल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में पवन खेड़ा की याचिका पर जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच कर सुनवाई रही है। दरअसल, पवन खेड़ा ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें कुछ और समय दिया जाए ताकि वे असम की अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस राहत को बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि न तो सर्वोच्च न्यायालय और न ही तेलंगाना उच्च न्यायालय असम की उस अदालत के काम में बाधा डालेगा जो इस मामले की सुनवाई करेगी। पवन खेड़ा पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ आरोप लगाने के चलते एफआईआर हुई है। कोर्ट से जमानत पर रोक लगने के बाद पवन खेड़ा पर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में उन्होंने राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम सरमा ने कहा , मैं और एक एक्शन लेने जा रहा हूं, मैं पवन खेड़ा को पवन पेड़ा, बना दूंगा, कुछ दिन इंतजार कीजिए।

तेलंगाना हाई कोर्ट ने दी थी एक हफ्ते की अग्रिम जमानत

पवन खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को दिए उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी। इससे पहले तेलंगाना हाई कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर भी रोक लगा दी थी।

मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी की रेड, आप ने साधा केंद्र पर निशाना

नई दिल्ली/ए.। पंजाब के कैबिनेट मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह छापेमारी की। यह कार्रवाई पंजाब के लुधियाना स्थित उनके आवास पर की गई, जहां सुबह-सुबह श्वष्ठ की टीम पहुंची। रेड के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय पुलिस बल को भी मौके पर तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक, अरोड़ा के घर के अलावा उनके अन्य ठिकानों पर भी एक साथ दबिश दी जा रही है।

पंजाब कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ के घर पर पड़े ईडी के छापे पर आप नेता सौरव भारद्वाज ने टिप्पणी की। उन्होंने एक्स पर लिखा, ब्रेकिंग न्यूज़: ईडी ने अब पंजाब के मंत्री संजीव अरोरा के घर पर छापा मारा है। यह एक स्पष्ट पैटर्न है। भाजपा राज्य चुनावों की तैयारी इसी तरह शुरू करती है।" इसके अलावा आप नेता अनुराग ढांडा ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा,"पंजाब में आम आदमी पार्टी के खिलाफतीन दिनों के भीतर ईडी की यह दूसरी छापेमारी है। अब ईडी ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोरा के आवास पर छापा मारा है। मोदी सरकार ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। अब वे लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन करने का दिखावा भी नहीं कर रहे हैं; उन्होंने खुलेआम तानाशाही का ऐलान कर दिया है। पश्चिम बंगाल में ईडी जो भी करे, फिर तो सब ठीक है।

अरविंद केजरीवाल ने सरकार पर साधा निशाना

ईडी की इस कार्रवाई पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने केंद्र सराकर पर निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, आम आदमी पार्टी के नेता के यहां तीन दिन में ये दूसरी श्वष्ठ की रेड है। क्या प्रधान मंत्री जी बतायेंगे कि अभी तक "आप" नेताओं के यहां जो इतनी सारी अनगिनत रेड की हैं, उनमे कितना काला पैसा मिला? एक रुपया भी मिला? पूरा देश देख रहा है कि आप केवल सत्ता के लिए कितनी ओछी राजनीति कर रहे हैं।

संसद में अखिलेश ने स्मृति ईरानी पर कसा तंज, सास-बहू वाली तो हार गई

नई दिल्ली/ए.। देश की संसद में आज शाम महिला आरक्षण पर वोटिंग होनी है। वहीं, गुरुवार को संसद में इस मुद्दे पर जोरदार बहस हुई। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण बिल और परिसीमन विधेयक को लेकर सदन में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का जिक्र किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आप सीट रिजर्व कर देंगे तो महिलाओं के बीच ही कॉम्पीटीशन करवा रहे हैं। उन्होंने पार्टी आधार पर महिला आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की। वहीं, स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा, सास बहू वाली तो हार गईं आपकी। पार्टी को तो मौका मिलेगा। इतना ही नहीं, अखिलेश यादव ने बातचीत में हिस्सा लेते हुए पीएम मोदी को लेकर भी कुछ ऐसा कहा, जिसपर सियासी नोकझोंक शुरू हो गई। अखिलेश यादव ने यह भी सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री को पिछड़े वर्ग के लोगों से वोट चाहिए थे, तब उन्होंने खुद को पिछड़ी जाति से बताया था। अब जब बात वास्तविक गिनती और अधिकार की आती है तो सरकार पीछे हटती नजर आती है। इस पर जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के कुछ बयान लोगों में भ्रम और चिंता पैदा कर रहे हैं.

स्मृति ईरानी ने दिया जवाब

अखिलेश यादव की इस बात पर स्मृति ईरानी ने पलटवार किया। उन्होंने प्लेफॉर्म एक्स पर लिखा,"सुना है आज अखिलेश जी ने संसद में मुझे याद किया। अच्छा है,जिनको राजनीति धरोहर में मिली, वे उनको भी याद करते हैं जो अपने दम पर आसमान में सुराख करते हैं। कामकाज औरत पर वे टिप्पणी करते हैं, जिन्होंने जिंदगी में कभी कोई नौकरी नहीं की। सीरियल से हटाकर संसद पर ध्यान लगाएं, महिलाओं के संबल हेतु अहम बिल पास कराएं।"

उत्तर भारत में तूफानी मौसम के आसार

नई दिल्ली/ए.। देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है, जहां कई राज्यों में आंधी-बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में गिरावट और राहत के संकेत हैं, जबकि कई क्षेत्रों में तूफानी गतिविधियां तेज हुई हैं।

देशभर में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है, जहां एक ओर उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश और आंधी की संभावना बनी हुई है। दिल्ली एनसीआर में भी हल्की धूलभरी आंधी के बाद बारिश से तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक गर्मी और लू का प्रभाव जारी रहने का अनुमान है। पिछले कुछ घंटों के दौरान, असम, मेघालय, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, मणिपुर, त्रिपुरा और तमिलनाडु के कुछ इलाकों में 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज-चमक वाला तूफान देखने को मिला।

महंगा तेल नहीं रोक पाएगा रफ्तार, 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली/मुंबई। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा है कि अगर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती है, तब भी भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एजेंसी के मुताबिक, यदि कच्चे तेल की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल के आधार स्तर पर रहती है, तो भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज रफ्तार होगी। एसएंडपी के निदेशक (संप्रभु एवं अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त रेटिंग) यी फर्न फुआ ने कहा, दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में यह आंकड़ा बहुत मजबूत है। इस संकट काल में भारत की विकास दर 6.3 फीसदी रहना एक मजबूत संकेत है जो अन्य अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। हालांकि, एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ऊर्जा आपूर्ति में बाधा या ईंधन की कमी जैसी स्थितियां जोखिम पैदा कर सकती हैं। इसके अलावा, क्रूड की ऊंची कीमतों से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। कंपनियों की लागत बढ़ने से मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति पर भी दबाव पड़ सकता है।

एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऊर्जा की बढ़ी कीमतों का असर कम करने के लिए सरकार को उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सब्सिडी पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। इससे राजकोषीय दबाव बढ़ेगा, लेकिन भारत की संप्रभु क्रेडिट रेटिंग पर इसका खास असर नहीं पड़ेगा।

सरकार दीर्घकाल में राजकोषीय संतुलन के प्रति प्रतिबद्ध है। खर्चों में लचीलापन है और जरूरत पड़ने पर वह अन्य मदों में कटौती कर राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बनाए रख सकती है। यदि ऊर्जा कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं तो 2026-27 में देश की शीर्ष 100 कंपनियों की आय में 15 से 20 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज बढ़ेगा जो अंततः उनकी वित्तीय स्थिति पर दबाव डालेगा।

शर्मनाक हार के बाद आपस में भिड़े मुंबई इंडियंस के दिग्गज?

नई दिल्ली/ए.। मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 का सफर किसी बुरे सपने की तरह साबित हो रहा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद टीम के ड्रेसिंग रूम की दरारें अब मैदान पर भी साफदिखने लगी हैं। पांच बार की चैंपियन टीम अब अंक तालिका में सबसे नीचे संघर्ष कर रही है, लेकिन हार से ज्यादा चर्चा टीम के प्रमुख सितारों के बीच बढ़ते मतभेदों की हो रही है। मैदान पर कप्तान हार्दिक पांड्या का व्यवहार उनकी बढ़ती हताशा को साफबयां कर रहा है।

पंजाब के खिलाफ रणनीतियों के विफल होने और गेंदबाजों द्वारा अतिरिक्त रन लुटाने पर हार्दिक अपना आपा खोते नजर आए। कप्तानी के दबाव और प्रशंसकों की हूटिंग के बीच हार्दिक का गुस्सा अब खिलाड़ियों पर भी फूटने लगा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गिरौद, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ-2/2025-26

ग्राम- कोटियाडीह, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पुहुपदास पिता सुखसागर जाति पनका साकिन कोटियाडीह तहसील टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कोटियाडीह स्थित भूमि खसरा नम्बर 253/1 रकबा 0.033 हेक भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र, पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 17/04/2026 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
गिरौद

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर
फोन नं.- 0771-2991574
E-Mail: eocghbzone03@gmail.com

// आम सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डुमरतराई फेस-I, जिला रायपुर में स्थित **एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-173, ब्लॉक क्रमांक-08, द्वितीय तल (जी+6), श्री अशोक कुमार चौधरी, पिता श्री कुंजी लाल चौधरी, एवं श्रीमती नंदनी चौधरी, पति श्री अशोक कुमार चौधरी, को स्ववित्तीय आधार पर** आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक 26/03/2015 पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर पत्र क्रमांक 9705 दिनांक 14/08/2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आंबटी **श्री अशोक कुमार चौधरी, पिता श्री कुंजी लाल चौधरी, 2. श्रीमती नंदनी चौधरी, पति श्री अशोक कुमार चौधरी,** निवासी पटेल पारा, वार्ड नं.-27, मोवा, सड्डू रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को, **श्रीमती लक्ष्मी डडसेना, पति श्री त्रिलोकी कांत डडसेना,** निवासी- झलप, वार्ड नं.-20, महासमुंद (छ.ग.) 493551 के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क./736/निविदा/लो.नि.वि./2026-27 भिलाई-चरौदा दिनांक 17.04.2026

// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर क्र.	लागत राशि (रू.लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 06 उमदा साहू पारा में सामुदायिक भवन में विस्तार कार्य	189168	रू. 20.00	11-05-2026
2	वार्ड क्र. 06 उमदा में बजरंग चौक के पास चबूतरा एवं पेवर ब्लाक कार्य	189170	रू. 10.00	11-05-2026
3	वार्ड क्र . 09 शीतला पारा में स्थित सामुदायिक भवन में विस्तार कार्य	189171	रू. 10.00	11-05-2026
4	वार्ड क्र. 12 डबरा पारा में साहू पारा सामुदायिक भवन में विस्तार कार्य	189173	रू. 10.00	11-05-2026
5	वार्ड क्र. 12 डबरा पारा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य	189174	रू. 15.00	11-05-2026
6	वार्ड क्र. 17 शांति नगर में सतनाम भवन के पास, सामुदायिक भवन विस्तार कार्य	189175	रू. 20.00	11-05-2026
7	वार्ड क्र. 20 पंचशील नगर वेस्ट में डोम शेड निर्माण कार्य	189176	रू. 15.00	11-05-2026
8	वार्ड क्र. 21 चरोदा बस्ती में निषाद पारा के पास सामु, भवन में विस्तार कार्य	189177	रू. 10.00	11-05-2026
9	वार्ड क्र . 28 जोन-2 चरोदा में शीतला मंदिर के पास डोमशेड निर्माण कार्य	189178	रू. 15.00	11-05-2026
10	वार्ड क्र. 28 जोन-2 चरोदा में मस्जिद के पास डोमशेड निर्माण कार्य	189179	रू. 13.00	11-05-2026
11	वार्ड क्र. 38 सोमनी में कुर्मीपारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	189181	रू. 10.00	11-05-2026
12	वार्ड क्र. 38 स्कूल के पास डोमशेड निर्माण कार्य	189182	रू. 20.00	11-05-2026
13	वार्ड क्र. 32 देवबलोदा बस्ती में मंगल भवन में प्रथम तल का विस्तार कार्य	189183	रू. 10.00	11-05-2026
14	वार्ड क्र . 28 जोन -2 चरोदा में काली मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	189185	रू. 15.00	11-05-2026
15	वार्ड क्र. 26 गाड़ापारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	189186	रू. 10.00	11-05-2026
16	वार्ड क्र. 26 सियान सदन के पास डोमशेड निर्माण कार्य	189187	रू. 10.00	11-05-2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत् दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक 13.05.2026 समय -सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है।

"प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

न्यूज गैलरी

जगदलपुर में बीपीसीएल कर्मचारी ने नस काटकर किया सुसाइड

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में रिटायर्ड रेंजर के बेटे और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर्मचारी ने अपनी कलाई की नस काट कर आत्महत्या कर ली है। जब कमरे से बदबू आई तो मकान मालिक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो लाश मिली, जमीन पर खून फैला हुआ था। वहीं, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अतुल शर्मा (28) के रूप में हुई है। ये रिटायर्ड रेंजर जितेंद्र शर्मा का बेटा है। ये मूल रूप से रायपुर के पुरानी बस्ती क्षेत्र का निवासी था। पिछले कुछ समय से जगदलपुर के लालबाग इलाके में रह रहा था। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में काम करता था। पिछले 2-3 दिन से कमरे का दरवाजा बंद था। शुक्रवार सुबह कमरे से बदबू आने लगी। शक होने पर मकान मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर पुलिस टीम कमरे में गई। फर्श पर खून फैला हुआ था और बिस्तर पर अतुल शर्मा का शव पड़ा मिला। शुरुआती जांच में कलाई की नस काटकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

सड़क हादसे में बच्ची की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में 15 अप्रैल को सड़क हादसे में 9 साल की बच्ची की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विरोध में शुरू हुआ चक्काजाम देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। समझाइश के दौरान नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। ग्रामीणों के इस हमले में एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट किया गया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अलग-अलग गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना फगुरम चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को ग्राम फगुरम मेन रोड पर क्रेटा कार (CG 11 BD 8433) के ड्राइवर ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए रिद्धिमा निराला को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में रिद्धिमा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतिका के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए। उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर मेन रोड पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। मामले की सूचना मिलते पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और अनुविभागीय अधिकारियों ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने उनकी बात नहीं मानी और स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई।

बोर खनन करने कंप्यूटर से तैयार किया हुबहू फर्जी अनुमति-पत्र

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बोर खनन के लिए एक व्यक्ति ने एसडीएम के नाम का फर्जी अनुमति पत्र तैयार कर लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब आसपास के लोगों को खनन की अनुमति नहीं मिली। नाराजगी जताने पर जांच में पता चला कि जिस पत्र के आधार पर बोरवेल्स वाले ने खुदाई की, वह नकली था। एसडीएम ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। दरअसल, पूरा मामला गुंडरदेही ब्लॉक के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र का है। ग्राम कोड़िया निवासी जनक लाल साहू पिछले सप्ताह प्रतिबंध के बावजूद अपने घर पर बोर खनन करवा लिया। जब यह जानकारी अन्य अनुमति के लिए घूम रहे लोगों को पता चली तो वे अनुमति देने वाले की तलाश में जुट गए। पड़ोस गांव निकुम के रहने वाले चंद्रकांत साहू ने जब बोरवेल्स संचालक से अनुमति पत्र भेजने कहा तो वह जनक लाल साहू को मिले एसडीएम का पत्र देखकर नाराज हो गए। जिसके बाद जब उन्होंने एसडीएम के अधिकारियों को पत्र की कॉपी भेजकर शिकायत की तो एसडीएम कार्यालय के अधिकारी भी हैरान हो गए। गर्मी के दिनों में बोर खनन पर लगे प्रतिबंध के बीच कलेक्टर और एसडीएम की अनुमति से ही जरूरी मामलों में खनन की इजाजत दी जा रही है, ऐसे में जब गुंडरदेही एसडीएम प्रतिमा ठाकरे के पास खनन की अनुमति का यह पत्र पहुंचा तो वे खुद हैरान रह गईं। शुरुआती जांच में पत्र फर्जी पाए जाने पर उन्होंने तुरंत कलेक्टर और एसपी के साथ ही अर्जुन्दा थाना को पत्र लिखकर पूरे मामले की शिकायत कर दी।

मैनपाट में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर एक्शन

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा के मैनपाट में 16 मकान अतिक्रमण कर बनाए गए थे। उन्हें खाली करने अंतिम नोटिस दिया गया था, जिसकी मियाद पूरी हो गई है। अब प्रशासनिक अमले ने शुक्रवार को अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से तोड़ना शुरू कर दिया है। पहले से मैनपाट में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिए गए थे। यह कार्रवाई मैनपाट के कमलेश्वरपुर में हो रही है। जानकारी के मुताबिक, रोपाखार में अतिक्रमण पर बने 16 मकानों को तोड़ने के लिए पहले ही प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की गई। रोपाखार के चौक से कार्निवाल ग्राउंड के बीच बने 4 मकानों को फिलहाल तोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि कितने घरों को तोड़ा जाना है। प्रशासन की तरफ से अतिक्रमणकारियों को पहले कब्जा हटाने के लिए अंतिम नोटिस दिया जा चुका था। अतिक्रमण हटाने सुबह प्रशासनिक अमला पहुंचा तो खलबली मच गई। लोगों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध शुरू किया।

नव प्रदेश राजरंग...

सइंया भले दिल्ली वाले कोतवाल

छत्तीसगढ़ बीजेपी में जिसे लगता है कि उनके दिन पलटे हो रहे, वे यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि नवेले अध्यक्ष जी उनके ही हाथ से चुग्गा खाते हैं..नवेले अध्यक्ष यानी नवीन बाबू, नितिन नवीन..रायपुर साहित्य महोत्सव के उद्घाटन के ठीक पहले जब छत्तीसगढ़ के मुखिया ने पहले से मौजूद एक एडवाइजर होने के बावजूद एक और बड़ा वाला एडवाइजर बना दिया तो पहले से मौजूद एडवाइजर साहब को सांप सूंघ गया। साहित्य उत्सव में दिल्ली से आए उनके चहेतों की पेशानी पर भी बल पड़ना ही था। दिल्ली वाले ठहरे हवाबाज तो उन्होंने हवा फैला दी कि कोई बात नहीं..पुराने एडवाइजर जी को बड़ा असाइनमेंट मिलने जा रहा है..बड़ा यानी नवीन बाबू की एडवाइजरी मतलब ये कि कोई पुराने साहब को हल्के में ना लें...यह दांव फिलहाल कामयाब नजर आ रहा है। पुराने एडवाइजर साहब, नए वाले के साथ कंधा से कंधा मिलाकर सरकार की गाड़ी को एडवाइस दिए जा रहे हैं..

कुशवाहा समाज के 'सम्राट'

बिहार के एनडीए में दिग्गजों की भरमार है..लेकिन आजकल राजनीति में निष्ठावान और दिग्गज होना अयोग्यता बन चुका है। अब सम्राट चौधरी को ही लीजिए। जनाब की पढ़ाई पर सवाल है। राष्ट्रीय जनता दल से उन्होंने राजनीति शुरू की, बाद में जनता दल यू में गए और वहां से भी जीतन राम मांझी की हम के हमनिवाला बने। पता नहीं उनमें सुशील मोदी को क्या नजर आया और उन्होंने 2018 में उन्हें बीजेपी में शामिल कराया और अब वे बिहार के पहले बीजेपी मुख्यमंत्री हैं। बीजेपी के बारे में कहा जाता है कि सत्ता का शीर्ष पद वह अपने और संघ के कैडर वालों को ही देती है। लेकिन सम्राट ना तो संघी रहे ना ही बीजेपी के कैडर..हां उनकी योग्यता आज की राजनीति के हिसाब से चकाचक है। वे पिछड़े वर्ग की कुशवाहा जाति से आते हैं। उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले उपेंद्र कुशवाहा इस जाति के सबसे बड़े नेता थे। लेकिन अब सम्राट ने उन्हें मात दे दी है। सोलह अप्रैल को उपेंद्र ने राज्यसभा की सदस्यता ली और इसी उपलक्ष्य में अपने घर लंच पार्टी का आयोजन किया। लेकिन लंच पार्टी में वे उदास दिख रहे थे..किसी ने चुटकी ली, सम्राट को आपने आशीर्वाद दिया या नहीं. जवाब में उपेंद्र के होंठों से हताशा भरी मुस्कान ही चस्पा हो पाई। जातिवाद की राजनीति वाले बिहार में कुशवाहा जाति के अब बड़े नेता हो गए सम्राट, ऐसे में भला उपेंद्र की पूछ कहां रहेगी। कुशवाहा ऐसे में निराश न नजर आएं तो क्या करें।

नवीन नाम का गुब्बारा

शायद ही किसी ने सोचा था कि दिग्गजों से भरी डिफरेंस होने का दावा करने वाली पार्टी एकदम नवेले बाबू को अपना कर्णधार बना लेगी..नवेले बाबू अब संगठन के कर्णधार हैं। चूंकि छत्तीसगढ़ की पिछली विधानसभा चुनाव के दौरान वे प्रभारी रहे हैं, इसलिए राज्य की सत्ताधारी दल के तमाम नेता उनसे अपनी नजदीकी का दावा करते नहीं अघा रहे। जिन्हें रायपुर में तवज्जो नहीं मिल रही, वे कुछ ज्यादा ही ऐसा जता रहे हैं। सब सुनाते फिर रहे हैं कि नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उनका नाम पक्का है..पद चाहे जो भी मिले। इसके लिए सबका दावा है कि उनकी नवेले साहब से बात भी हो चुकी है। इससे संगठन और सरकार के बीच उन्हें अपना पव्वा जमाने में मदद मिल रही है। कह सकते हैं कि उनकी ताकत का गुब्बारा फूलता जा रहा है। जब तक नई कार्यकारिणी गठित नहीं हो जाती, तब तक इसे फूले रहने के आसार हैं, भले ही बाद में वह फुस्स हो जाए।

इतिहास तो बना, लेकिन खुशी नहीं मिली

मामा जी की अहमियत कम नहीं हुई है..मामा यानी अपने शिवराज..वही मध्य प्रदेश वाले शिवराज.. बिहार में जब बीजेपी इतिहास रचने जा रही थी, उस इतिहास का निर्माता बनने का मौका मामा को ही मिला..बीजेपी ने उन्हें ही विधायक दल का नेता चुन जाने के लिए पर्यवेक्षक बनाया। जब उनका नाम सामने आया तो माना गया कि पार्टी ने पिछड़े वर्ग के नेता को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी देकर एक तरह से संकेत दे दिया है..संकेत यह कि बिहार में कोई अगड़े वर्ग का नेता मुख्यमंत्री बनेगा..लेकिन जब नतीजे आए तो बिहार बीजेपी की नींव वाली जातियों को सांप सूंघ गया। बीजेपी वाले खुश तो हैं कि जिसका सपना कैलाशपति मिश्र, ताराचंद झा, अश्विनी कुमार ने देखा था, वह सपना आखिरकार पूरा हुआ। लेकिन उन्हें मलाला भी है कि उनके किसी स्वयंसेवक को मौका नहीं मिला, मौका मिला भी तो उसको, जो उनका अपना महज आठ साल पहले ही हुआ है। बीजेपी के एक कार्यकर्ता ने एक बड़े नेता के सामने जो कहा, उससे नेताजी भी गमगीन दिखे। उसने कहा कि भाई साहब, अंदर से खुशी महसूस नहीं हो रही है। नेताजी तब से चुप हैं..।

- राजदार

यूसीसी आदिवासियों के हितों, संवैधानिक अधिकारों के हनन के लिए

सरकार औद्योगिक मजदूरों की सुरक्षा में लापरवाह: दीपक बैज

- **वेदांता पावर में प्रबंधन की गंभीर लापरवाही चीनी मशीनरी से फैक्ट्री बनाई - डॉ. महंत**
- **कांग्रेस महिला आरक्षण का समर्थन करती है, मोदी सरकार परिसीमन को इससे अलग रखे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वेदांता पावर की दुर्घटना सरकार के उद्योग विभाग और प्रबंधन की लापरवाही से हुई। हमने वहां पर जो देखा लोगों से चर्चा किया उससे साफ हो रहा कि यह दुर्घटना घोर लापरवाही का परिणाम है। सावधानी बरती जाती तो इतनी बड़ी जनहानि नहीं होती। इस दुर्घटना में सरकार की भी लापरवाही है, सरकार के उद्योग सेफ्टी विभाग क्या कर रहा था? सरकार के पास बायलर सुरक्षा जांच अधिकारी कार्यरत है। दुर्घटना के बाद यह घटना स्थल पर पहुँचता है, दुर्घटना के पहले नियमित जाँच में कब गया था? किलेन और बायलर की जब नियमित सफाई होती है तो इस मेंटेनेंस के पहले उद्योग सुरक्षा विभाग इसका निरीक्षण क्यों नहीं करता? जब एक वायलर की सफाई की जाती है, तो दूसरे किलेन या वायलर को बंद रखा जाना चाहिए, यहां पर उस मानक का पालन नहीं किया गया। यदि दूसरा वायलर बंद रहता तो स्वाभाविक है, तापमान नियंत्रित नहीं रहता और ब्लास्ट होने की संभावना होती। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक सुरक्षा की स्थिति भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है, मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देने से दुर्घटनाएं हो रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भट्ठी बंद किए बिना ही जोखिम भरे काम करवाना, सुरक्षा उपकरणों का न होना और बिना उचित परमिट के काम करना सामान्य बात हो गई है जो सुरक्षा तंत्र की विफलता का स्पष्ट संकेत है। वेदांत पावर पहले एथेना पावर के नाम से संचालित थी, जो 10 वर्षों तक बंद रही, फिर इसे वेदांता ग्रुप ने खरीदा 10 वर्षों तक बंद फैक्ट्री को जब शुरू किया तो कितने उपकरण बदली हुये, पुराने कितने मशीने कंडम हुई, उद्योग विभाग ने इसका आडिट कराया था, क्या इसकी जांच होनी चाहिये?

मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को मिले 2000 करोड़

- **पेंशनर्स महासंघ ने रखी मांग, लंबित महंगाई राहत एरियर्स का हो भुगतान**

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीच लंबित लगभग साढ़े 10 हजार करोड़ रुपये की वसूली राशि को लेकर पेंशनरों ने अपनी मांग तेज कर दी है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ ने कहा, यह राशि मूलतः पेंशनरों के अधिकार की है। अतः इसका उपयोग प्राथमिकता के आधार पर करते हुए 88 माह से लंबित महंगाई राहत एरियर्स का भुगतान किया जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश से वसूली में प्राप्त 2000 करोड़ की राशि को राज्य में डीआर एरियर के रूप में पेंशनरों को तुरंत अंतरिम राहत देकर एरियर्स का भुगतान किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश से वसूली में प्राप्त 2000 करोड़ की राशि को राज्य में डीआर एरियर के रूप में पेंशनरों को तुरंत अंतरिम राहत देकर भुगतान करने की मांग की है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव एवं प्रदेश महामंत्री प्रवीण कुमार त्रिवेदी ने जारी बयान में कहा, बढ़ती महंगाई के इस दौर में पेंशनरों की आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित हो रही है। ऐसे में वर्षों से लंबित डीआर एरियर का भुगतान न होना अत्यंत चिंताजनक है।

वरिष्ठ नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा: उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि मध्यप्रदेश से वसूली की जा रही बड़ी राशि का उपयोग पेंशनरों के हित में किया जाए, तो लाखों वरिष्ठ नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें वास्तविक राहत मिल सकेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश से प्राप्त होने वाली राशि की शीघ्र वसूली सुनिश्चित कर उसे पेंशनरों के लंबित 88 माह के डीआर एरियर भुगतान में उपयोग किया जाए।

पटवारी निलंबन-बहाली पर उठे सवाल हफ्तेभर में जांच पूरी, चर्चा में कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के बिल्हा क्षेत्र में एक पटवारी के खिलाफ भूस्खाही और अनियमितताओं के आरोपों के बाद हुई त्वरित कार्रवाई अब चर्चा का विषय बन गई है। हल्का क्रमांक-3 के पटवारी विष्णु प्रसाद निर्मलकर को 1 अप्रैल को निलंबित किया गया था, लेकिन महज एक सप्ताह के भीतर 8 अप्रैल को उनका निलंबन निरस्त कर पुनः पदस्थ कर दिया गया। प्रशासन की इस तेजी ने जहां कुछ लोगों को चौंकाया है, वहीं कार्यप्रणाली पर कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

प्रारंभिक जांच में सही पाए गए थे आरोप: जानकारी के अनुसार, पटवारी पर पैसे लेने और अनियमितताओं के आरोप लगे थे। तहसीलदार बोदरी की प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने 1 अप्रैल को निलंबन की कार्रवाई की थी। आदेश में विभागीय जांच का भी उल्लेख किया गया था, जिससे मामला गंभीर माना जा रहा था।

7 दिन में बदली तस्वीर: मामले ने तब चौंकाने वाला मोड़ लिया, जब 7 अप्रैल को नई जांच रिपोर्ट सामने आई और 8 अप्रैल को निलंबन आदेश निरस्त कर दिया गया। प्रशासन ने इसे 'बदली परिस्थितियों' का परिणाम बताया, लेकिन यही तर्क अब सवालों के घेरे में है।

बहाली के साथ हल्का बदला: पटवारी को बहाल करते हुए उनका हल्का क्रमांक बदल दिया गया है। इस पर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या सिर्फ पदस्थापना में बदलाव ही पर्याप्त कार्रवाई है या जवाबदेही तय करने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी का कहना है कि जांच में आरोप सिद्ध नहीं हुए और कोई ठोस दस्तावेजी प्रमाण नहीं मिले, इसलिए बहाली की गई, हालांकि प्रशासन ने एहतियात के तौर पर हल्का बदल दिया है।

अन्य मामलों में सुस्ती पर सवाल: इसी बीच बिलासपुर तहसील में करीब 10 महीने पहले सामने आए फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र मामले का जिक्र भी हो रहा है, जिसमें अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। एक ओर जहां इस मामले में महज एक सप्ताह में जांच और फैसला हो गया, वहीं आम शिकायतों में महीनों लग जाते हैं।

झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 6 सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ पहुंची, योजनाओं का करेगी अध्ययन

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 6 सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम अध्ययन प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंची है। यह दल 15 से 18 अप्रैल 2026 तक राज्य में प्रवास कर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की आवासीय योजनाओं, नियमों, प्रक्रियाओं और नवाचारों का विस्तृत अध्ययन करेगा।

आज छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा अध्ययन दल को योजनाओं, नीतियों और कार्यप्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अपर आयुक्त श्री हर्ष कुमार जोशी ने तकनीकी विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्य संपदा अधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह ने संपत्ति प्रबंधन, मार्केटिंग, विक्रय प्रणाली एवं आईटी आधारित प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की।

वहीं मुख्य लेखा अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा शुक्ला ने वित्तीय प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उपायुक्त श्री बी.बी. सिंह एवं कार्यपालन अभियंता श्री संदीप साहू ने भी तकनीकी पहलुओं और कार्यप्रणाली से दल को अवगत कराया। अध्ययन दल को यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी और मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव के मार्गदर्शन में आम नागरिकों को किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रमुख उपलब्धियों में पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपए की 5145 संपत्तियों का विक्रय, ओटीएस-2 के तहत 174 करोड़ रुपए की 1105 पुरानी संपत्तियों का निस्तारण, आबंटी पोर्टल एवं एआई चैटबोट की सुविधा शामिल है। साथ ही पिछले दो वर्षों में 3050 करोड़ रुपए की लागत से 78 आवासीय परियोजनाओं की शुरुआत तथा 7 रि-डेवलपमेंट परियोजनाओं के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए।

किसानों को लाभ: सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम, 136 नई सहकारी समितियों का शुभारंभ

अध्यक्ष बघेल ने डॉ. रमन से करवाई बात, किसानों ने कहा धन्यवाद डॉ. साहब

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 136 नई सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल से जिले के करीब 620 गांवों के 97 हजार 305 किसानों को खाद, बीज, ऋण सहित अन्य सहकारी सुविधाएं अब पहले से अधिक आसान और सुलभ रूप में मिल सकेंगी।

उद्घाटन अवसर पर किसानों ने खुशी जताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अंतर्गत बुधवार को अंजोरा में आयोजित कार्यक्रम में 136 नई समितियों का एक साथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में लिया गया ऐतिहासिक कदम है। नई समितियों के गठन से अब किसानों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि वर्षों से किसान मांग कर रहे थे कि मौजूदा बड़ी समितियों से अलग नई समितियां बनाई जाएं ताकि भीड़भाड़, दूरी और असुविधा से छुटकारा मिल सके। अब सरकार ने किसानों की इस मांग को पूरा कर दिया है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने किसानों की उनसे सीधी बातचीत कराई। किसानों ने डॉ. रमन सिंह से बात कर गौरव महसूस किया और नई समितियों के गठन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। किसानों ने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद राहतभरा है क्योंकि अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूर स्थित समितियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सचिन सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में किसानों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। नई समितियों का गठन भी इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि किसानों को ऋण, खाद-बीज वितरण और अन्य सहकारी सेवाएं सरलता से समय पर मिलें ताकि खेती-किसानी को मजबूती मिले। नई समितियों के गठन से कई गांवों के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।सोमनी समिति के तहत 8 गांवों के 1453 किसान लाभान्वित होंगे। अंजोरा समिति के अंतर्गत 7 गांवों के 1687 किसान सुविधाएं पाएंगे। मनकी समिति के तहत 4 गांवों के 603 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इसी तरह जिलेभर में सैकड़ों गांवों के किसानों को नई समितियों का फायदा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सहकारी समितियों के विस्तार से केवल किसानों को राहत ही नहीं मिलेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ताकत मिलेगी। किसानों को समय पर ऋण, खाद और बीज उपलब्ध होने से कृषि उत्पादन बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com